CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 23 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 38 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मजबूत हो रहा पीडीए,जनता ने बीजेपी को नकारा! पेज 2




भारत 'ए' टीम ने जीता महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब खेल टाइम्स




मुफ्त रेवड़ी आवंटनः फिक्रमंद अदालत, बेफिक्र सरकार सम्पादकीय



पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, एक ही परिवार के 16 लोगों की मौत पेज 12

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# सुपर आठ मुकाबले में द.अफ्रीका ने भारत को 76 रनों से हराया

**■ 12 मैचों बाद थमा विजयी अभियान सेमीफाइनल में पहुंचने की राह हुई कठिन**

**अहमदाबाद।** गत चैंपियन भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ चरण में भारत का विजयी अभियान रोका और उसके लिए सेमीफाइनल की राह कठिन कर दी।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारत की बल्लेबाजी काफी खराब रही और टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने यह मुकाबला 76 रनों से अपने नाम किया। भारतीय टीम के लिए एक खिलाड़ी पर निर्भरता रहना भारी पड़ा है। शिवम दुबे को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। मार्को यानसेन और केशव महाराज की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हरा दिया। रविवार को टी-20 विश्व कप में सुपर-8 का मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और डेविड मिलर की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में सिर्फ 111 रन ही बना सकी। उनके लिए सिर्फ शिवम दुबे ने सर्वाधिक 42 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए यानसेन ने चार और महाराज ने तीन विकेट लिए जबकि कार्बिन बाश और एडेन मार्करम को क्रमशः दो और एक विकेट मिला।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर लगा ब्रेक!



**■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के नए टैरिफ विवाद के बीच दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अहम बैठक टली**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर बातचीत फिलहाल टल गई है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों की जो अहम बैठक 23 फरवरी से वाशिंगटन में शुरू होने वाली थी, उसे अब आगे की तारीख के लिए टाल दिया गया है। इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार थे और भारतीय टीम तीन दिन तक अमेरिका में चर्चा करने वाली थी।

इस बैठक का मकसद अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देना था। दरअसल, यह पूरा मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ फैसलों से जुड़ा हुआ है। ट्रम्प ने हाल ही में सभी देशों पर पहले 10 प्रतिशत और फिर बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने 2025 में भारत पर कुल 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया था, जिसमें से 25 प्रतिशत पहले ही हटाया जा चुका है। ज्ञात रहे कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में ट्रम्प के पुराने टैरिफ फैसलों को अवैध बताया था और कहा था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से ज्यादा कदम उठाए। इसी वजह से अब व्यापार नीति को लेकर स्थिति थोड़ी अनिश्चित बनी हुई है। अगर नई 15 प्रतिशत ड्यूटी लागू होती है, तो यह पहले से लगने वाले आयात शुल्क के ऊपर लगेगी। यानी किसी उत्पाद पर अगर पहले 5 प्रतिशत ड्यूटी है, तो कुल मिलाकर वह 20 प्रतिशत हो जाएगी। दोनों देशों ने पहले ही इस साल मार्च तक अंतरिम ट्रेड डील पर हस्ताक्षर करने और अप्रैल से उसे लागू करने का लक्ष्य रखा था। यह समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत के करीब 18 फीसदी निर्यात अमेरिका को जाते हैं। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार करीब 186 अरब डॉलर का रहा था।

# मोदी ने विरोधियों को ललकारा

## मेरठ में कहाः कांग्रेस, सपा और बसपा कर रहीं जहरीली राजनीति

**प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से कहाः हिम्मत है, तो विकास के मुद्दे पर लड़ें**

**पीएम मोदी व सीएम योगी ने मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं, लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है। मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये एआई ग्लोबल समिट -शेष पृष्ठ दो पर



### महिला सांसदों को भेज, सीट पर कब्जा करके आप पीएम नहीं बन सकतेः मोदी

**मेरठ।** पीएम मोदी ने बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास आकर प्रदर्शन करने वालीं कांग्रेस महिला सासंदों को भी निशाने पर लिया। पीएम मोदी ने मेरठ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सांसदों को भेजकर सीट पर कब्जा करने से आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। वहीं उन्होंने एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। पीएम मोदी ने कहा, अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है, तो पहले आपको जनता के दिल जीतने पड़ेंगे, महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो।

## एआई समिट में दुनिया को भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिलींः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में आज कहा कि 'मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है।

देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाई। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं। समिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24गुना 7 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढ़ी के अनुरूप घल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिए सुश्रुत संहिता का चयन किया गया।

# बांग्लादेश में भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू होगी

ढाका, वार्ता

**■ भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सुविधाएं सोमवार से मिलने लगेंगी**

**बांग्लादेश ने** भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे। दरअसल, बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए चुनाव से पहले सुरक्षा कारणों के चलते 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पर्यटक वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। इसी दौरान नेपाल और भूटान जैसे देशों के लिए भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई थीं। अब चुनाव के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी तरह की वीजा सेवाओं को पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय टूरिस्ट वीजा अभी भी पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ खास श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का संदेश गया है।

### आईएसआई, बांग्लादेश से संदिग्ध संबंधों के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने तमिलनाडु से आठ संदिग्ध आतंकवादियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। आरोप है कि ये सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठनों के निर्देश पर भारत में एक बड़े हमले की साजिश रच रहे थे।

मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
● ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
● LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार प्लेन क्रैशः 28 फरवरी तक आएगी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन क्रैश में हुई मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 28 फरवरी तक जारी की जाएगी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट घटना के एक महीने के भीतर 28 फरवरी तक आ जाएगी। इस बीच, अजित पवार की मौत पर राज्य सरकार के रुख को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं।

### चुनाव आयोग राज्यों के चुनाव कार्यालयों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

**■ सेना ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें संगठन का शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी मारे गए।।

अधिकारियों के अनुसार यह एनकाउंटर तब शुरू हुआ जब सेना ने छात्रू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्हें दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में होने की सूचना मिली थी। सूत्रों के अनुसार कमांडर ने पहले भी कई बार सुरक्षा बलों को चकमा दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आतंकियों को ठिकाने लगाया। इस संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और 2 पैरासाफोर्स शामिल थे। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रणनीतिक सटीकता और पूर्ण समन्वय के साथ मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण किया। इस कार्रवाई में दो आतंकी सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए गए और उनके पास से 2 एके-47 राइफलें और 5 एके मैगजीन बरामद हुई।

### पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी, ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

**पोरबंदर (गुजरात)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एटीएस) के साथ मिलकर खुफिया सचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था।

## सैन्य ढांचे में सबसे बड़े बदलाव का खाका हुआ तैयार

# संयुक्त थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं



**■ ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन**

**■ दावाः नया ढांचा 3 महीने में सामने आएगा**

**नई दिल्ली।** देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था।

नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जाइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70 प्रतिशत तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20 प्रतिशत तक संसाधनों की भी बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा वकीलों के साथ कांग्रेस का कानूनी अभियान तेज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कोषाध्यक्ष और सांसद अजय माकन और पार्टी के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के अध्यक्ष अभिषेक मनु सिघवी ने युवा वकीलों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने और सूचना के अधिकार कानून को मजबूत करने के लिए चार नई पहलों की घोषणा की है। कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता दोनों नेताओं ने इस आशय की घोषणा की है। पहली पहल 'कांग्रेस लीगल शोधार्थी प्रोग्राम' है, जिसके तहत 10 युवा वकीलों को तीन महीने तक सांसदों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। दूसरी पहल 'न्याय, नेता और नागरिक' पॉडकास्ट श्रृंखला है, जिसमें वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता संवैधानिक एवं सामाजिक मुद्दों पर संवाद करेंगे। तीसरी पहल 'रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स' के तहत हर जिले में कम से कम पांच वकीलों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो पार्टी नेताओं को कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

### दुल्हन साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार को एक नवविवाहिता दुल्हन अपने दूल्हे के साथ साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची तो वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और यह दृश्य चर्चा का विषय बन गया। संजय पैलेस स्थित विकास भवन में आंगनवाड़ी कार्यकत्री पद के लिए साक्षात्कार चल रहे थे। इसी दौरान फूलों से सजी कार से दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा उतरा। पारंपरिक विवाह परिधान में दुल्हन अनीसा सीधे साक्षात्कार कक्ष में चली गई, जबकि दूल्हा मनोज कुमार बाहर प्रतीक्षा करता रहा। संयोग. वश जिस दिन साक्षात्कार निर्धारित था, उसी दिन दुल्हन की विदाई भी थी।

# रैपिड रेल ने घटाई दिल्ली और मेरठ की दूरी, अब लगेंगे 50 मिनट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले तक मेरठ से दिल्ली की 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे तक लग जाते थे और जाम की आशंका से लोग दिल्ली जाने से कतराते थे, लेकिन आज एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और मेट्रो जैसी परियोजनाओं ने इस दूरी को महज 45-50 मिनट में समेट दिया है। श्री योगी ने कहा कि लगभग 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहे आधुनिक भारत की नई पहचान बताया। मुख्यमंत्री यहां नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से एक शहर को दूसरे शहर से तेज, सुरक्षित और अत्याधुनिक ढंग से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर में नए औद्योगिक संयंत्र की आधारशिला रखी गई है, जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत की प्रगति का प्रतीक है। वैश्विक शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने भारत की विकास यात्रा की सराहना की है। डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 140 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान मिली है।

# देश के किसान धरती के सच्चे साधक: पीएम मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के किसानों की मेहनत और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश के किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि धरती के सच्चे साधक हैं। उन्होंने कहा कि आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा है।

अब किसान सिर्फ ज्यादा उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन (गुणात्मक जुड़ाव) और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहा है। मोदी ने ओडिशा के युवा किसान हिरोद पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि आठ साल पहले तक हिरोद पिता शिव शंकर पटेल के साथ पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। बाद में उन्होंने खेती को नए नजरिए से करते हुए तालाब के ऊपर जालीदार ढांचा बनाकर उस पर बेल वाली सब्जियां उगाईं। तालाब के आसपास केले, अमरूद और नारियल लगाए और तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। इस तरह एक ही जगह पर धान, सब्जी, फल और मछली का उत्पादन हो रहा है। इससे जमीन और पानी का बेहतर उपयोग हुआ और आय भी बढ़ी। आज कई किसान उनका मॉडल देखने आते हैं। मोदी ने इसी क्रम में केरल के त्रिसूर जिले के एक गांव का भी जिक्र किया, जहां एक ही खेत में 570 तरह की धान की किस्में उगाई जाती हैं। इनमें स्थानीय, हर्बल और दूसरे राज्यों से लाई गई किस्में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल खेती नहीं, बल्कि बीजों की विरासत को बचाने का अभियान है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है।

### डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात कार्यक्रम' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से सतर्क रहने कहा आह्वान करते हुए कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अभी भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं।

### अंकपत्र से तय नहीं होता विद्यार्थियों का मूल्य: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में बोर्ड और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का मूल्य उनके अंकपत्र से तय नहीं होता। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो पढ़ा है, उसे आत्मविश्वास के साथ लिखें और अगर कोई सवाल न आए तो उसे मन पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि इस समय देश के बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं।

## बहुजन मिशन को आगे बढ़ाना ही लक्ष्य: मायावती

# पूंजीपतियों के प्रभाव में काम कर रहे अन्य दल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मिशन 2027 से पहले रणनीतियों को धार देने में जुटी बसपा लखनऊ में मायावती की अध्यक्षता में हुई बैठक

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि देश भर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं। बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामा. जिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।

सुश्री मायावती की अध्यक्षता में रविवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और देश के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही संसद में हाल के टकराव और गतिरोध सहित जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए बेहतर राजनीतिक और सामाजिक माहौल की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बैठक में राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा। सुश्री मायावती ने अन्य राजनीतिक दलों पर बड़े पूंजीपतियों के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा अपने समर्थकों के सहयोग से चलने वाली पार्टी है और संविधान के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों की नीतियों और कार्यशैली के कारण उनकी विश्वसनीयता कम हो रही है, जबकि बीएसपी अपने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर चलते हुए लोगों के बीच नई उम्मीद के रूप में उभर रही है। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बहुजन समाज के हितों के लिए संघर्ष जारी रखें और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। साथ ही उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने की भी सलाह दी, जो व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण बहुजन आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा मायावती ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों, विशेषकर अमेरिका के साथ होने वाली व्यापारिक डील को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश के किसानों और बहुजन समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले करने चाहिए, ताकि उनके अधिकार और भविष्य सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के मिशन को आगे बढ़ाना है और पार्टी इस लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अच्छे दिन कहां आए, अभी तक हकदारों को नहीं मिला हक

ज्वलन्त जनसमस्याओं के निदान के साथ-साथ देश में बेहतर राजनीतिक व साम्प्रदायिक माहौल की जरूरत पर बल दिया गया, ताकि अपने थोड़े अच्छे दिन के हकदार करोड़ों गरीब एवं मेहनतकश लोगों को आत्म सम्मान के साथ जीने का वाजिब हक उन्हें उनके जीते जी मिल सके। इस बैठक में मायावती ने सबसे पहले 9 दिसम्बर 2025 को ऑल इंडिया की नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक में पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर दिए गए जरूरी दिशा-निर्देशों को लेकर राज्यवार प्रगति रिपोर्ट ली।

# मेरठ से मिशन 2027, जाट बेल्ट को साधने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जयंत चौधरी की मौजूदगी ने किया इस ओर इशारा

**लखनऊ/मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल इलाके में अपनी राजनीतिक पकड़ को फिर से धार देने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी रविवार को मेरठ में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को निर्णायक मोड़ के रूप में देख रही है।

माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विकास परियोजनाओं के उद्घाटन को राजनीतिक संदेश में बदलकर प्रभावशाली सामाजिक समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की गई है। किसान आंदोलन के बाद पार्टी से दूरी बना चुके जाट मतदाताओं को पुनः साथ लाना इस रैली का अहम लक्ष्य माना जा रहा है। लोकसभा चुनावों में हुए संभावित नुकसान की भरपाई की दृष्टि से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। मंच पर प्रधानमंत्री के साथ जाट नेता एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी की मौजूदगी को इसी व्यापक सामाजिक संतुलन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के बाद मोहिउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा को केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे व्यापक मतदाता वर्ग तक सशक्त राजनीतिक संदेश पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा समझा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह आयोजन शक्ति-प्रदर्शन का रूप ले सकता है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82814.71
निफ्टी 25571.25



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में कमी का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयात शुल्क में कमी के कारण अगले सप्ताह भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए जारी आदेश में कहा गया है कि यह दर 24 फरवरी से लागू होगी। ट्रम्प ने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर बताया कि 10 प्रतिशत को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि इसके लिए अबतक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। यह देखते हुए कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका ने 18 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया है, दरों में और कमी से निवेशक बाजार में लिवाल रह सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का [illegible] सेंसेक्स 187.95 अंक (0.23 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 100.15 अंक यानी 0.39 फीसदी चढ़कर 25,571.25 अंक पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.18 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो, आईटी और मीडिया समूहों में साप्ताहिक गिरावट रही जबकि बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। खासकर सार्वजनिक बैंकों में जबरदस्त तेजी रही।

# मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित रेल इंजन

**वाराणसी।** बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बरेका) ने लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की तकनीकी क्षमता और औद्योगिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

बरेका द्वारा निर्मित 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोजाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह उपलब्धि बरेका की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता तथा भारतीय रेल की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का महत्वपूर्ण प्रमाण है। बरेका को मोजाम्बिक के लिए 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों के निर्माण एवं निर्यात का आदेश प्राप्त हुआ था। इस अनुबंध के तहत सभी लोकोमोटिवों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में चरणबद्ध रूप से पूरा किया गया। ये लोकोमोटिव एम/एस राइट्स के माध्यम से निर्यात अनुबंध के अंतर्गत आपूर्ति किए गए। यह समयबद्ध निर्यात भारतीय रेलवे की उत्पादन दक्षता, तकनीकी विश्वसनीयता एवं निर्धारित समय पर निष्पादन क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करता है। बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्सपावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक की गति से संचालित हो सकते हैं।

# चावल, दालों में रही साप्ताहिक तेजी चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 13 रुपये गिरकर 3,328 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। सोया तेल की औसत कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 145 रुपये और सूरजमुखी तेल में 100 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 99 रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल 56 रुपये और वनस्पति 53 रुपये फिसल गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 79 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। उड़द दाल 64 रुपये और चना दाल 46 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 38 रुपये और मूंग दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। वहीं चीनी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल-दलहन: दाल चना 7762.95 रुपये, मसूर काली 8058.82 रुपये, मूंग दाल 10154.05 रुपये, उड़द दाल 10711.44 रुपये, तुअर दाल 11131.36 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857-50 रुपये और चावल 3835. 64 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3328.07 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4302.76 रुपये और गुड़ 4982.54 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा : अजय

■ शाहजहांपुर में बोले यूपी कांग्रेस अध्यक्ष- शंकराचार्य हम सबके पूजनीय

**शाहजहांपुर/अमेठी।** शाहजहांपुर में यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य हम सबके पूजनीय हैं, उन्होंने प्रदेश सरकार पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को षड्यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि ये सनातन धर्म का अपमान है, शंकराचार्य हम सबके लिए भगवान स्वरूप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके शिष्यों को गलत मुकदमे में फंसा रही है। दूसरी ओर अमेठी में पूर्व एमएलसी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर अजय राय ने कहा कि हमारे यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो किया बिल्कुल ठीक किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के ऊपर क्या कार्रवाई की भाजपा ने? इससे देश का अपमान हुआ, देश के वैज्ञानिकों का अपमान हुआ और यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो सच्चाई दिखाई है, वह निश्चित तौर से सही कार्य किया है और हम लोग उनका पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारे झांसी के यूथ कांग्रेस के बच्चे को उठाया गया, ललितपुर में बच्चे को उठाया गया। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि तमाम निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, हम सब कांग्रेस के लोग सब उनके साथ हैं और अत्याचार व अन्याय को सरकार तुरंत बंद करे। उन्होंने कहा कि इस कृत्य से पूरी दुनिया में भारत का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी यूथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन का समर्थन किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मेरठ में...** भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था। मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे, तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है।

# मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा!

लखनऊ, वार्ता



■ शंकराचार्य को लेकर अखिलेश का सीएम योगी पर बड़ा हमला

सपा मुखिया एवं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे को लेकर सीएम योगी पर तीखा हमला बोला और कहा कि रामभद्राचार्य को तो पहले ही जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन के मजबूत होने का दावा किया और धार्मिक नेताओं के अपमान व सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने विकास कार्यों और सीएम की जापान यात्रा पर भी सवाल उठाए।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर अखिलेश यादव ने कहा कि गुरु नानक जी ने कहा था कि कान छेदाने से कोई योगी नहीं बन सकता। इसी कड़ी में उन्होंने रामभद्राचार्य को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि उनके बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन अगर यह उनका चेला है, तो मुझसे बड़ी गलती हुई है। उनके खिलाफ 420 का मुकदमा था, हमने वापस ले लिया था। उन्हें उसी समय जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बचने वाली नहीं है। जनता ने पहले ही इसे अस्वीकार कर दिया है, अब तो सिर्फ वोटिंग का इंतजार है। उन्होंने पार्टी में नए सदस्यों का स्वागत किया, इस दौरान एआई समिट को लेकर टिप्पणी करते हुए सीएम की जापान यात्रा पर सवाल उठाया, साथ ही उन्होंने धार्मिक नेताओं के अपमान और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए करारा प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता की पीड़ा बढ़ रही है, इसी के साथ पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन मजबूत हो रहा है। उन्होंने मुनिदेव शर्मा, राहुल सिंह, गोपाल सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, करण सिंह, रामलाल वाल्मीकि, शेखर सैनी, दीपक चौधरी को अन्य साथियों को पार्टी में शामिल कराया। एआई समिट को लेकर अखिलेश ने विपक्ष और अपने नेता माता प्रसाद पांडेय की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि इधर सीएम योगी जापान जा रहे हैं, वहां जापान का एक डॉग बहुत फेमस हुआ था दुनिया में, टेक्नोलॉजी को लेकर स्टार्टअप हो रहे हैं, ये हमारी समस्या का समाधान के लिए हैं, लेकिन सीएम हमसे बहुत आगे हैं। अखिलेश यादव ने गीता के एक श्लोक का हवाला देते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि माया में रहकर माया से दूर रहें, वो योगी हैं। उन्होंने शंकराचार्य के अपमान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उनके साथ क्या व्यवहार हो रहा है? जिस समय शिखा को पकड़कर अपमानित किया जा रहा था, उस समय यह लोग कहां थे? हमारी सनातनी व्यवस्था में किसी शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका नहीं गया, लेकिन ये पहली बार हुआ है। अखिलेश ने 20 साल पुरानी घटना का जिक्र किया और कहा कि शंकराचार्य को अपमा. नित करने के लिए किसको ढूंढकर लाए?

### 100 विधायक लाइए और सीएम बन जाइए

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सीएम पद ऑफर किया है। उन्होंने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम में से कोई भी 100 विधायक लाइए और सीएम जाइए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले भी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, चलो एक बार फिर दे देते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक में से कोई भी 100 विधायक अपने साथ ले आए और मुख्यमंत्री बन जाए। इससे अच्छा ऑफर उन्हें कहीं नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव इससे पहले भी कई बार केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को भी सीएम पद ऑफर किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि केशव और ब्रजेश पाठक इस पर कैसे और क्या प्रतिक्रिया देंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



05 वां रोज़ा इफ्तार
23 फरवरी सोमवार
सुन्नी...................... 06:16
शिया...................... 06:29
06 वां रोज़ा सहरी
24 फरवरी मंगलवार
सुन्नी...................... 05:37
शिया...................... 05:30



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# भाजपा नेता पर जानलेवा हमला करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार

## किराये की गाड़ी के चालक ने नशा करने से रोकने पर साथियों को बुलाकर किया था हमला, अस्पताल में देखने पहुंचे मंत्री कपिल देव और गौरव स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शादी समारोह से लौट रहे भाजपा नेता और उनके साथियों पर जानलेवा हमले का मामला प्रकाश में आया है। भाजपा के बड़े नेताओं की हस्तक्षेप के बाद सिविल लाइन पुलिस ने हरकत में आते हुए तुरंत ही कार्यवाही की और कुछ देर बाद ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन हमलावरों में एक बाल अपचारी भी बताया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन भी बरामद किए है।



सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इक्कीस फरवरी को कोतवाली क्षेत्र के निवासी अभिषेक गोयल ने सिविल लाइन थाने में सूचना देकर बताया था कि वह अपने साथी दीपक, सौरभ सैनी, अनुज सैनी, आशू सैनी और अन्य साथियों के साथ कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कुंदनपुरा से किराये की एरटीगा कार से जनपद मेरठ के कस्बा लावड़ में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। आरोप है कि कार चालक उस समय नशीले पदार्थ का सेवन करने लगा और जब इसका विरोध किया तो इस बीच उनकी कहासुनी हो गई। यह भी आरोप लगाया कि जब वह शादी से वापस लौटते वक्त वसुन्धरा अण्डरपास पर पहुंचे तो यहां पर पन्द्रह-बीस युवक मिले, जो चालक ने बुलाए थे। आरोप है कि आरोपियो ने उनकी कार को रूकवा लिया और गाली-गलौच शुरू कर दी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगो ने उन पर लाठी-डंडे और लोहे की राड से हमला कर दिया। शिकायत कर्ता ने बताया कि आरोपियों ने गले में कपडा और साफा डालकर हत्या का प्रयास भी किया है। पुलिस ने इस संबंध में तहरीर ली और तुरंत ही मुकदमा दर्ज किया। यह मामला भाजपा के बड़े नेताओं में भी पहुंचा जिसके बाद पुलिस तुरंत ही हरकत में आ गई थी। बताया जाता है कि अभिषेक गोयल भाजपा में सोशल मीडिया सेल में नगर संयोजक है। भाजपा नेता पर हमले की वीडियो पर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। बताया जाता है कि यह मामला एसएसपी संजय कुमार वर्मा के संज्ञान में पहुंचा जहां क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के. मिश्रा और सिविल लाइन एसएचओ आशुतोष कुमार ने एक टीम गठित की और इस मुकदमें में आरोपी अब्दुल्ला पुत्र इस्माईल, शावेज त्यागी पुत्र इसरार निवासी जामिया नगर खालापार, शुभान पुत्र नवाब अहमद निवासी अंबा विहार, फैज राणा पुत्र वाहब निवासी कुंगर पट्टी, ईदगाहरोड सुजड़ू, अदनान पुत्र हुसैन निवासी खालापार, अजीम पुत्र हुसैन अहमद निवासी जामिया गेट, हैदर पुत्र मास्टर त्ररीकत निवासी सुजड़ू और ताबिश पुत्र इकबाल निवासी सरवट को हिरासत में लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त एक थार वाहन और स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली है। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।



# विशेष अभियान दिवस पर सामने आए 8331 नए मतदाता

## पूरे जिले में नए मतदाताओं के बीच देखने को मिला उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरिक्षण कार्यक्रम 2026 के अन्तर्गत आज हुए विशेष अभियान दिवस में जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदाता बनने हेतू 8331 फार्म भरे गए, जबकि 410 लोगों ने फार्म-7 जमा किए। 1632 लोगों ने फार्म-8 भरकर दिए। कुल मिलाकर 10373 फार्म प्राप्त हुए। नए मतदाता बनने के लिए सदर विधानसभा से सबसे ज्यादा 2131 फार्म भरे गए। विधानसभा बुढ़ाना से 1327, चरथावल से 1474, पुरकाजी से 1116, खतौली से 1428 तथा मीरांपुर से 825 फार्म प्राप्त किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इनमें से 712 फार्म ऑनलाइन प्राप्त हुए। उन्होने बताया कि प्राप्त दावे और आपत्तियों की जांच कराई जा रही है।



# धाकड़ छोरे के अभिनेता पर ठगी का मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** फिल्म अभिनेता व आबकारी विभाग में तैनात उसके इंस्पेक्टर पुत्र ने एक युवक से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर 8 लाख रूपये हड़प लिए। कस्बे में ठगी का यह मामला खूब चर्चाओं में है। पुलिस ने सात वर्ष तक मामले को दर्ज नहीं किया, लेकिन सीओ बुढ़ाना के निर्देश पर इस मामले को कायम किया गया।

प्रवीण कश्यप पुत्र ओमप्रकाश कश्यप निवासी मौहल्ला उत्तरी भटवाडा कस्बा बुढ़ाना ने सीओ को बताया था कि उसके पिता बुढाना कस्बे के सैनी बाजार में कपडे की सिलाई का कार्य वन्दना टेलर्स के नाम से करते हैं। उसके पिता की दुकान पर कस्बे के ही मनोज शर्मा व उसके पिता देव शर्मा कपडों की सिलाई के लिए आते जाते थे। मनोज शर्मा आबकारी विभाग मे इंस्पेक्टर हैं। मनोज शर्मा ने उसके पिता से कहा था कि मेरा एक साथी स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी है ओर स्वास्थ्य विभाग में बीएचडब्ल्यू का एक पद रिक्त है। तब मेरे पिता ने मेरी नौकरी के लिए मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा से बातचीत की क्योंकि मेरे पिता के पास दोनो पिता पुत्र काफी समय से सिलाई का कार्य कराते थे। इसीलिए मेरे पिता दोनो से घर तक पूरी तरह से वाकिफ थे। मेरे पिता को मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा ने कहा कि तुम्हें 02 या 03 किस्तों में 08 लाख रुपये देने होंगे तो फिर आपके लड़के की स्वास्थ्य विभाग मे बीएचडब्ल्यू के पद पर नियुक्ति हो जायेगी। इसी लिए मेरे पिता ने छह लाख रुपये तथा 2 लाख रुपये ज्वाइनिंग लेटर दिलाने के बाद दिये। इस तरह दोनों पिता पुत्र ने मेरे पिता से नौकरी की बाबत 8 लाख रुपये हडप लिए ओर उसे एक ज्वाइनिंग लैटर व एक स्वास्थ्य विभाग का बीएचडब्ल्यू की नियुक्ति का आई कार्ड बरेली स्वास्थ्य विभाग से दिला दिया। इस बात को 6 वर्ष हो गये मगर फिर भी उसकी नौकरी नही लगी। मैंने ये रुपये नानू व धर्मपाल निवासीगण बुढाना के सामने दिये थे। जब भी में देव शर्मा के घर अपने रुपये मांगने जाता हूं तो मनोज उसे धमकी देता हैं कि अगर तूने हमारे विरुद्ध कोई भी रिपोर्ट दर्ज कराई तो में आबकारी में झूठा मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा दूंगा। जिससे वह डरा हुआ है। पीड़ित ने दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध सीओ से कार्यवाही की मांग की है। वहीं सीओ के द्वारा कराई गयी जांच में मामला सही मिलने पर पुलिस ने पिता व पुत्र के विरुद्ध ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### कई फिल्मों में काम कर चुके देव शर्मा

**बुढ़ाना।** नौकरी दिलाने के नाम पर अपने पुत्र के साथ मिलकर भोले भाले युवक से आठ लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी मास्टर देव शर्मा अब तक सैंकड़ों देहाती फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। गांव कुरालसी के जिस कालेज में वह शिक्षक थे उसी कालेज में उन्होंने धाकड़ छोरा फिल्म की शूटिंग लगभग एक महीने तक करवाई थी। इस फिल्म की मुख्य नायिका सुमन नेगी थी। लालाजी के नाम से मशहूर हुए मास्टर देव शर्मा फिल्म धाकड छोरा के अलावा लालाजी का ब्याह, चोरी का माल, घर घर की दाल, शेर कू सवा सेर, खटौला, शहरी मैडम, कन्यादान, घर का चौन, ढक्कन, अकड़, सौदा, हकदार, कर्मवीर, चलती, करवा चौथ का गिफ्ट टू, पोस्टमार्टम व खड़तल जैसी सैंकड़ों देहाती फिल्मों में काम करके बुढ़ाना का नाम रोशन कर चुके हैं।

# संत पर हमले का मुकदमा हुआ दर्ज

## सिसौली का मामला, दरोगा ने दो लोगों को बनाया आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** भौराकला थाना क्षेत्र के गांव सिसौली में धार्मिक आयोजन और प्रचार करने निकले एक संत पर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। संत और उसके साथी गांव-गांव जाकर महायज्ञ के लिए ग्रामीणों को आमंत्रित करते है। संत के साथ हुए दुर्व्यवहार से गांव में दो पक्षों में तनाव की बताया गया है। उधर क्षेत्रीय दरोगा ने दो आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों का कहना है कि ग्राम सिसौली में संत महाराज जीतेन्द्र गीरी अपने साधू संतों के साथ महायज्ञ के प्रचार के लिए निकले थे। आरोप है कि यहां पर कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरो. पियों ने संत को घेरा और मारपीट का आरोप लगाया गया है। यह भी बताया गया कि गांव के कुछ लोगों ने संतों की जान बचाई। इस मामले की जानकारी मिली तो स्थानीय दरोगा मौके पर पहुंचे और मौके की छानबीन की। मामले की जानकारी लेने के बाद भौराकला थाने में तैनात दरोगा रामकिशन शर्मा ने एक मुक. दमा दर्ज कराया है। बताया जाता है कि दरोगा ने स्वयं ही इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की जिसमें बताया गया है कि वह परीक्षा ड्यूटी में थे और जब वह गस्त करते हुए सिसौली पहुंचे तो वहां पर भीड़ इकट्ठा थी। पुलिस ने लिखा है कि गांव के ही दो लोग संत महाराज जीतेन्द्र गीरी पर हमला कर रहे थे। पुलिस ने यह भी लिखा है कि हमलावरों ने संत को घेरकर उनके साथ मारपीट की और जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। दरोगा ने लिखा है कि उन्होने मौके पर पहुंचकर हमलावरों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान हमलावर मौके से फरार हो गए। दरोगा की ओर से तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अब पुलिस उनकी तलाश मेंजुटी है।

# गांधी कॉलौनी में फायरिंग से दहशत

**नगर क्षेत्र में तीन अपराधिक वारदातों से मची सनसनी**

**मुजफ्फरनगर।** सख्त कानून, सख्त शासन पुलिस की कड़ी कार्यवाही, लेकिन इसके बाद भी जानलेवा हमले, फायरिंग, लूट हत्या के मामले रोके नहीं रूक रहे। या यूं कहा जाए कि अपराधिक घटनाओं का ग्राफ घटने के बजाए बढ़ रहा है। इसके यूं भी कहा जा सकता है कि शायद कुछ लोगों के दिल में कानून का खौफ नहीं रहा है इसका उदाहरण गांधी कॉलौनी में दिन दहाड़े फायरिंग, सिविल लाइन क्षेत्र में भाजपा नेता पर कातिलाना हमला इसके अलावा मंडी क्षेत्र के हाईवे के जानसठ पुल के निकट कार सवार लोगों से लूट से लिया जा सकता है। यह अलग बात है कि पुलिस हर मामले में कार्यवाही कर रही है और नई मंडी पुलिस तो जानसठ पुल के निकट कार सवार से कैमरे आदि की हुई लौट से कई दिन से हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है और अभी मंडी पुलिस इस मामले को सुलझा भी नहीं पाई थी कि गांधी कॉलौनी में फायरिंग की घटना सामने आ गई है जिसको लेकर कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खडे हो रहे है। बताया जाता है कि गांधी कॉलौनी में खुले आम फायरिंग की घटना हुई। रविवार की शाम दो गुटों के बीच मामूली विवाद हुआ और देखते ही देखते यहां इस मामले में उग्ररूप ले लिया जहां पत्थराव बाजी की सूचना आ रही है। तो वहीं एक दर्जन से अधिक युवक इस विवाद में शामिल बताए जा रहे है। एक गुट ने तो काफी दूर तक दूसरे पक्ष के युवकों का पीछा किया और उनको दौडाया इसी दौरान एक युवक ने फायरिंग की जहां लोगों का कहना है कि गोली एक मकान के बिजली के मीटर में जाकर धंस गई। पुलिस को यहां से कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने यहां जांच पड़ताल की इस समय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था।

वहीं रविवार की रात भाजपा नेता पर जान लेवा हमला किया गया जिसमें सिविल लाइन पुलिस ने करीब आठ लोगों को हिरासत में लिया। बताया जाता है कि विगत दिवस दिल्ली देहरादून हाईवे के मंडीक्षेत्र के जानसठ पुल के निकट दिल्ली के लोगों से कार सवार लोगों ने कैमरा और कीमती सामान लूट लिया था नई मंडी पुलिस ने इस मामले को चोरी में दर्ज कर लिया है।

# 15 लाख 40 हजार रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज

**इंजी. सलमान को रूपये वापस मांगने पर मिली हत्या की धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी में 15 लाख 40 हजार रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी इंजीनियर सलमान ने आरोप लगाया है कि साझेदारी के नाम पर उनसे रकम लेकर आरोपियों ने धोखा किया और अब रुपये मांगने पर धमकियां दी जा रही हैं। मोहल्ला खेड़ा दरवाजा, पुरकाजी निवासी इंजीनियर सलमान ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बिल्लिशाह चौक, झोझगान निवासी नवीश पुत्र फरमान, अजीम पुत्र डॉ. नूर हसन व अन्य साथियों के साथ उनकी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त को लेकर पार्टनरशिप हुई थी। आरोप है कि इसी साझेदारी के दौरान आरो. पियों ने धोखाधड़ी कर उनसे 15,40,000 रुपये हड़प लिए। वादी का कहना है कि जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। न्यायालय के आदेश के बाद पुरकाजी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी के साथ वादी सलमान ने यह भी आरोप लगाया है कि अजीम के पिता नूर हसन बिना वैध डिग्री के कथित रूप से झोलाछाप डॉक्टर बनकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आईटीआई में लगाया गया बृहद विधिक सेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर बीरेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन अनुसार बृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सुजडू चुंगी मेरठ रोड, मुज़फ्फरनगर में आयोजन किया गया।



जिसमें विशणु चन्द्र वैश्य, अपर जिला जज कोर्ट सं0-01, रितेश सचदेवा अपर जिला जज कोर्ट सं0-07 , देवेन्द्र सिंह फौजदार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं.-01 डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी. डि.)/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तुषार जायसवाल, अपर सिविल जज (जू.डि.), कोर्ट सं0-4, दिव्य प्रताप सिंह निमेष, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय खतौली, मुजफ्फरनगर, मुख्य विकास अधिकारी कंधारकर कमल किशोर देशभूषण, व अन्य अधिकारिगण, जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण अधिकारी शक्ति शरण वास्तव, मुख पशु चिकित्सा अधिकारी, पीओ नेडा, सहायक उपयुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिविर में जनपद में चल रही योजनाओं से संबंधित विशिष्ट शि. विरों का आयोजन किया गया व आम जन मानस के लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर में डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / राचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी दी गयी तथा विधिक अधिकारों से संबंधित जानकारी देते हुए आम जन मानस को जागरूक किया गया साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र लाभार्थियों को वितरित कराया गया।

जिनमें पांच हजार से अधिक लाभार्थियों को प्रिकैम्प व मेगा कैम्प के माध्यम से लान का वितरण किया गया। उक्त शिविर के माध्यम से डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, त्ति. विल जज (सी.डी.) / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 14.03.2026 दिन शनिवार, को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर, तथा वाहय न्यायालय बुढाना, ग्राम न्यायालय खतौली, ग्राम न्यायालय जानसठ, तथा कलक्ट्रेट मुजफफरनगर में किया जायेगा।

# कमेटी पर लगे आरोपों को बताया राजनीतिक स्टंट

**चरथावल।** मदनी हाई स्कूल से जुड़े प्रकरण में कमेटी पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर अब प्रबंधन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। स्कूल कमेटी के कोषाध्यक्ष डक्ब नौशाद त्यागी ने आरोपों को निराधार बताते हुए इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया है।डा. त्यागी ने कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ के लिए संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मदनी हाई स्कूल की कार्यप्रणाली पारदर्शी है और सभी निर्णय नियमों के अनुरूप लिए जाते हैं। कमेटी द्वारा वित्तीय और प्रशासनिक मामलों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

बिना प्रमाण के सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना दुर्भावनापूर्ण है और इससे छात्रों व अभिभावकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। कोषाध्यक्ष ने यह भी कहा कि संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के भविष्य को प्राथमिकता देता है। कमेटी किसी भी जांच या समीक्षा के लिए तैयार है, कमेट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11





मुजफ्फरनगर: किदवईनगर में जलभराव के ये नजारे आपको विचलित कर सकते हैं।

# विकास के दावों की पोल खोल रहा किदवई नगर का मैन रोड

## नगर पालिका की उपेक्षा का दंश झेल रहे वार्ड 45 के हजारों नागरिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जरा संभलकर इधर आना यहां सड़क नहीं गहरे गड्डे में भरा पानी तालाब का रूप ले चुकी है यहां आकर अगर आप फिसलकर तालाब में गिर जाएं तों शिकवा न कीजिएगा, यह कोई दोहा या जुमला या कहानी नहीं है, बल्कि वार्ड 45 के अंतर्गत आने वाले किदवई नगर तबलशाह मैनरोड के बाशिंदो की जुबानी है, जो पिछले काफी समय से जनप्रतिनिधियों व नगर पालिका प्रशासन के सौतेले व्यवहार का दंश झेल रहे हैं। भले ही नगर पालिका प्रशासन करोड़ों के बजट से नगर में विकास को प्राथमिकता देने का दावा कर रहा हो, लेकिन आज भी ऐसे क्षेत्र हैं जहां से लोगों का गुजरना किसी जंग लड़ने से कम नहीं है।

जी हां हम बात कर रहे हैं नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड न.45 के किदवई नगर तबलशाह मैनरोड की। पिछले काफी समय से सड़क अपनी बदहाली पर आंसु बहा रही है।

क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था ना होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है, जिससे यहां की सडक तालाब में तब्दील हो गई है। यहां के रहने वाले नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

### आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर हैं क्षेत्रवासी

**मुजफ्फरनगर।** मोहल्ला कृष्णापुरी किदवई नगर के लोगों का कहना है कि वार्ड सभासद से लेकर जिला प्रशासन व पालिका चेयरपर्सन को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या सुलझने के बजाये और उलझती चली गई। 24 फरवरी को उक्त रास्ते पर क्षेत्रवासी प्रदर्शन करेंगे। क्षेत्र के बुजुर्गों का कहना है कि रमजान का महीना चल रहा है, ऐसे में कीचड़ भरे रास्ते से उन्हें होकर गुजरना पड़ता है नमाज के लिए जाने वाले लोगों को भी दुश्वा. रियां उठानी पड़ती है। उनका कहना है कि सुरक्षित सड़क और सम्मानजनक जीवन हमारा अधिकार है, उन्होंने सवाल उठाया कि जर्जर सड़क और खुले नाले हादसों को नोबिता दे रहे हैं कोई बड़ा हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

**ईओ ने कहा**-नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने कहा कि उक्त सड़क का प्रस्ताव बोर्ड में पास हो चुका है। 79 लाख की लगत से सड़क निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां जल निकासी की भी समस्या है जिस कारण सड़क पर पानी भरता है, नाश्ते में नाले के ऊपर दीवार बनाकर लोगों ने अतिक्रमण कर दिया है जिससे जल निकासी की समस्या बढ़ रही है, जल्दी से भी दूर कराया जाएगा।

# वहलना में पहुंची खाद्य विभाग की टीम, 30 टीन किए सील

■ व्यापारी को सौंपा तेल, साफ-सफाई के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** लखनऊ और सहारनपुर के खाद्य विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में त्यौहारों के मद्देनजर जनपद में खाद्य पदार्थो की फैक्ट्री और दुकानों पर छापेमार कार्यवाही चल रही है। रविवार को भी होली और अन्य त्यौहारों के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद की टीम ने वहलना स्थित एक तेल री-पैकिंग यूनिट पर छानबीन की, हालांकि जनपद की खाद्य विभाग की टीम उस वक्त जागती है जब बाहर की खाद्य विभाग की बडी टीमे जनपद में बडे मामले पकड लेते है। इससे पहले जनपद की टीम कोई कार्यवाही नहीं करती शायद उन्हे नकली खाद्य पदार्थो बनाने वाली फैक्ट्री और नकली खाद्य पदार्थ बेचने वाली दुकानों की जानकारी नहीं होती या फिर इसको कुछ ओर कहा जा सकता है। मामला कुछ भी हो आज रविवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) अर्चना धीरान के नेतृत्व में एमके इंडस्ट्रीज वहलना में निरीक्षण किया गया। इस दौरान एफबीओ नितिन मित्तल की इकाई से संदेह के आधार पर रिफाइंड राइस, ब्रान ऑयल 'कोल्हू ब्रांड' का नमूना जांच हेतू लिया गया।

यहां पहुंचे अधिकारियों ने तीस टीन जिनमें करीब 448 लीटर तेल था और उनकी कीमत साढ़े 64 हजार है, वो कारोबारी के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान निरीक्षण को पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने कारोबारी को प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने और खाद्य सुरक्षा मानको का पालन करने के निर्देश दिए है। खाद्य विभाग की टीम के अधिकारियों का कहना है कि होली के पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी और संदिग्ध खाद्य पदार्थो के विरूद्ध अभियान चल रहा है।

## ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट प्राप्त करने का अवसर

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत पर कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in एवं upfposhaktiportal.up.gov.in पंजीकृत एफपीओ, सहकारी समितियों, प्राइवेट इण्डस्ट्रीज के लिए 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापन कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत या अधिकतम रुपए 9,90,000 तक अनुदान अनुमन्य है, जिसे प्राप्त करने के लिये आनॅलाइन आवेदन 10 मार्च 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल agridar-shan.up.gov.in पर प्राप्त किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। ऑयल एक्ट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) के लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जनपद स्तरीय गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन 'ई-लॉटरी' के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

## अन्तर मिलने पर जीएसटी विभाग ने रूप फर्नीचर पर लगाया ढाई लाख का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** शहर के प्रकाश चौक स्थित रूप फर्नीचर पर जीएसटी विभाग ने जीएसटी गडबड़ियां पकड़ी है। मौके पर विभागीय अधिकारियों को करीब 10 लाख रुपये के स्टाक में अंतर मिला है, जिसके आधार पर करीब ढ़ाई लाख रुपये की जीएसटी की धनराशि जुर्माने के साथ जमा कराई गई है। ट्रेडिंग कार्य करने वाली रूप फर्नीचर की फर्म से फर्नीचर का निर्माण करने वाली कंपनियों के प्रपत्र भी मिले है, जिसके आधार पर अधिकारियों ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

शहर के एक व्यक्ति ने प्रकाश चौक स्थित रूप फर्नीचर से कुर्सियां व अन्य फर्नीचर का सामान खरीदा था। इस दौरान फर्नीचर शोरूम के संचालकों ने ग्राहक को पक्के बिल की जगह कच्ची पर्ची पर बिलिंग कर माल बेचा, लेकिन रूम मालिकों ने ग्राहकों से जीएसटी वसूली। ग्राहक ने इस बात से नाराज होकर स्टेट जीएसटी विभाग के अधिकारियों को शिकायत की। इस आधार पर एसआईबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित के निर्देश पर उपायुक्त मनोज शुक्ला के साथ टीम ने जांच शुरू की। शनिवार की शाम उपायुक्त मनोज शुक्ला के साथ टीम जांच के लिए रूप फर्नीचर पर पहुंची। मौके पर टीम को वहां कच्ची पर्चियां और भी मिली।

इस दौरान जांच में सामने आया कि बिल व अन्य प्रपत्रों के हिसाब से 10 लाख रुपये के स्टाक माल में अंतर मिला। टीम ने इस आधार पर करीब ढ़ाई लाख रुपये की धनराशि जीएसटी व जुर्माने के रूप में तय की। रूप फर्नीचर के संचालकों ने मौके पर ही दो लाख रुपये जमा कर दिए। एसआईबी विंग के उपायुक्त मनोज शुक्ला ने बताया कि आवश्यक प्रपत्र कब्जे में लिए गए हैं, जिसके आधार पर अभी जांच आगे भी चलेगी। बड़ी बात है कि रूप फर्नीचर फर्म केवल ट्रेडिंग का काम करती है। माल कहां से आता है और कौन-कौन सी कड़ी जुड़ी है, यह भी जांच का विषय है, जिसके बाद जुर्माने की धनराशि बढ़ भी सकती है।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट

**भोपा।** भोपा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। थाना व गांव भोपा निवासी टोनी ने तहरीर देकर बताया कि गांव का ही शुभम अपने मुर्गी फार्म पर शराब पी रहा था। शुभम को शक था कि उसकी शिकायत पुलिस से की गई है, जबकि पीड़ित का कहना है कि उसने कोई शिकायत नहीं की।टोनी ने बताया की बीते 15 फरवरी की दोपहर वह घर से बाहर गया हुआ था और उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान शुभम कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके घर में घुस गया और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपी शुभम ने बदनीयती से महिला के कपड़े फाड़ दिए तथा तमंचा निकालकर उसकी कनपटी पर लगा दिया और पति-पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। धमकी की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। पुलिस ने आरोपी शुभम सहित उसके अज्ञात साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आरटीआई कार्यकर्ता को किया नजरबंद

**मुजफ्फरनगर।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ में कार्यक्रम से पहले पुलिस और प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को लेक पूर्ण तैयारी कर ली है।

इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर के गांव पीनना निवासी आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक पर पुलिस पहरा बैठाया गया है। शनिवार रात से उनके घर पुलिस तैनात है, जिसके चलते उन्होंने नजर बंद करने की जानकारी मीडिया को दी है।

## त्यौहारों से पहले वाहनों की जांच तेज

**रामराज।** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र थाना रामराज पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों की व्यापक जांच की। इस दौरान वाहनों पर सवार व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच की गई।

चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को सख्त चेतावनी दी गई। साथ ही जिन वाहन चालकों के दस्तावेजों में कमी पाई गई, उनके खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई और कई लोग नियमों का पालन करते नजर आए। थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय यातायात का दबाव बढ़ जाता है, इसलिए दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को रोकने के लिए सख्ती आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

## मीरापुर में सैकड़ों लोग फूड प्वॉइजनिंग का शिकार, मचा हड़कंप

**मीरापुर।** क्षेत्र के पड़ाव चौक स्थित एक बैंकट हॉल में 19 फरवरी को आयोजित एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब समारोह में शामिल लोगों के बीच फूड प्वाइजनिंग फैल गई। शादी में शामिल सैकड़ों मेहमानों ने जैसे ही भोजन किया, उसके कुछ समय बाद ही कई लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की हालत बिगड़ने लगी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया।

परिजन तुरंत बीमार लोगों को लेकर निजी चिकित्सकों और विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश मरीजों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण पाए गए हैं। राहत की बात यह है कि सभी मरीजों की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि भोजन तैयार करने में लापरवाही या किसी खाद्य सामग्री में मिलावट के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। वहीं खाना बनाने वाले हलवाई का कहना है कि संभवतः दूध, पनीर या मावे में पहले से मिलावट रही हो, जिसके कारण लोगों को फूड प्वाइजनिंग का सामना करना पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से मावा, पनीर और अन्य दुग्ध उत्पाद तैयार करने वालों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के जरिए आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## पीएम मोदी के मन की बात दे रही राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की प्रेरणा: गौरव स्वरूप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने रविवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और जनहितकारी नीतियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। इस दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र में व्यापारियों के बीच पहुंचकर प्रतिष्ठान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण सुना और उपस्थित लोगों को इसके संदेशों से अवगत कराया।

नगर भ्रमण के दौरान गौरव स्वरूप ने नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए सरकार की विकासपरक योजनाओं, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली पहलों तथा सामाजिक उत्थान के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी 'मन की बात' कार्यक्रम के 13वें प्रसारण को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान, नवाचार अर्थात नवीन सोच व तकनीकी पहल, युवा शक्ति तथा समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए।उन्होंने बताया कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने वाला सशक्त संवाद माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास की गति तेज होती है और देश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। इससे पूर्व गौरव स्वरूप द्वारा शिव चौक स्थित झाँसी की रानी रामभोय मार्केट में जितेन्द्र मदान 'बाबी' की दुकान वीर कलेक्शन पर पहुंचकर व्यापारियों से भेंट की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीन खेड़ा, सभासद सतीश कुकरेजा, अमित पटपटिया, अशोक टंडन, कनक बाटला, शलभ गुप्ता, सौरभ मित्तल, विमल मदान, अभिनव मदान, नमन मदान, अशोक अरोरा सहित अनेक व्यापारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्र का अस्तित्व धर्म, संस्कृति, सभ्यता ,इतिहास पर टिका होता है :ओमानन्द

**मोरना।** भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित डोंगरे जी भागवत भवन में अखिल भारतीय ललिताम्बा शक्ति समिति शाखा मुजफ्फरनगर के भक्तों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। पोथी पूजन कर उन्होंने व्यासपीठ पर कथाव्यास ललिताम्बा पीठ हरिद्वार के पीठाधीश्वर स्वामी जयराम देवाचार्य महाराज को सम्मानित किया। इससे पूर्व तीर्थनगरी में श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली।श्री डोंगरे भागवत भवन में कथा शुभारम्भ में पधारे स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि भागवत समृद्ध भारतीय आध्यात्म संस्कृति की आत्मा एवं अमूल्य निधि है। भागवत ज्ञान परंपरा की अखण्ड अमृत धारा है, जो वेद, पुराण, शास्त्र, धर्म, संस्कृति, इतिहास सभी को एकसूत्र में गूँथने वाली अद्भुत आध्यात्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक महागाथा है। भागवत भारत की चिरंतन चेतना है, जो मनुष्य को कर्तव्यबोध कराती है। इस चिरंतन नश्वर जीवन से संबद्ध सत्य का विश्लेषण एवं प्रभु भक्ति और परमार्थ ही भागवत का आभ्यांत्रिक मर्म है।

पीठाधीश्वर ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व धर्म, संस्कृति, सभ्यता तथा उसके इतिहास पर टिका होता है और भागवत इनके संरक्षण और संवर्धन का मुख्य आधार है। धर्म एवं संस्कृति की धारा जनमानस में निरंतर प्रवाहित होती रहे, लोकहित की इसी कामना से वेदव्यास जी ने श्रीमद् भागवत की रचना की थी। धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में सबसे महान है, क्योंकि भारत के पास भागवत, रामायण, भगवद् गीता जैसे दिव्य ग्रंथ हैं। मानव सभ्यता और अध्यात्म के विकास में इन ग्रंथों का बहुत बड़ा योगदान है। भागवत एक संस्कृति है, एक सभ्यता है, एक साधना है तथा एक जीवन मूल्य है।

## भाकियू तोमर का मेरठ में होने वाला प्रदर्शन स्थगित



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर द्वारा ट्रेंड बिल और विभिन्न स्थानीय समस्याओं के विरोध में कल प्रस्तावित प्रदेशव्यापी प्रदर्शन को प्रशासन की सक्रियता के बाद फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। देर रात 8:30 बजे तक चली वार्ता मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीओ सदर, तहसीलदार और छपार कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ भाकियू तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे।वहां उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और किसानों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशानिक अधिकारियों ने यूनियन तोमर के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाएगा। प्रशासन से मिले आश्वासन पर प्रदर्शन टल गया। यहां पर पवन त्यागी,अंकित शर्मा, निखिल चौधरी, शहजाद मालिक,चंदन त्यागी,सोनू माखियाली,अन्य उपस्थित रहे।

## निशान यात्रा में हुआ भण्डारे का आयोजन

**शाहपुर।** कस्बे में आयोजित भव्य निशान यात्रा श्रीं पिपलेश्वर हनुमान मंदिर



से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी और सिद्धपीठ श्रीं बालाजी धाम मंदिर पर समाप्त हुई। इस तरह के आयोजनों से न केवल धार्मिक सद्भावना बढ़ती है, बल्कि समाज में एकजुटता का संदेश भी जाता है। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से नगर की गलियों का गूंजना वाकई एक सुखद अहसास है। नगर में भक्तिमय में माहौल बना हुआ था। विशाल भंडारे का आयोजन संजय सिंघल बोबी सुपुत्र स्व श्री माधोराम सिंघल के द्वारा हुआ। इस दौरान निशान यात्रा में श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल, पंकज गोयल, राजू बंसल, विनीत मित्तल रिंकू, नितिन मित्तल, अमित मित्तल टिंकू, संजय नामदेव, अक्षय गोयल, ऋषभ सिंघल, विनय गोयल, समाजसेवी प्रदीप पाल, समाजसेवी हरिमोहन सिंघल, भाजपा नेता उमेश मित्तल, भाजपा नेता, दिव्यांश नामदेव, भाजपा नेता नवदीप मित्तल, दर्शित मित्तल, मनु मित्तल, मोहन नामदेव, नैतिक मित्तल, शिवा पाल, अक्षय पाल, अनंत मित्तल, मनोज सिंघल, विनय प्रजापति, सचिन प्रजापति, नेपाल प्रजापति, नीरज गर्ग, लक्ष्य सिंघल, गौरव सिंघल, विकास गर्ग, सभासद मनोज अरोरा, द स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल, अमित सिंघल, सुनील सिंघल, मनोज नामदेव, लवनिश सिंघल, अनुराग गुप्ता, वर्णित गोयल, प्रणव नामदेव सहित पत्रकार अमन सैनी ठाकरान, भाजपा नेता कपिल सैनी, मनोज सिंघल, सुमित नामदेव आदि श्याम भक्त मौजूद रहें।

## चिंतन दिवस के अवसर पर हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** प्रादेशिक मुख्यालय के आदेश अनुसार जिला संस्था भारत स्काउट गाइड जनपद मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष उमेश मिश्रा जिला अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास के दिशा निर्देशों में चिंतन दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष पर आज द भारत स्काउट एंड गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में चिंतन दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम स्थान वैदिक पुत्री पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्काउटिंग-गाइडिंग के आदर्शों, सेवा-भावना तथा नेतृत्व मूल्यों पर चिंतन करते हुए युवाओं को समाजा. हत में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला एवं सहायक प्रदे. शिक संगठन कमिश्नर अमित कुमार उपस्थित रहे।

जिला गाइड कमिश्नर डॉ. राजेश कुमारी, सहायक कमिश्नर श्रीमती रेनु गर्ग, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) भारत भूषण अरोड़ा तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती गुंजन चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्काउट गाइड्स द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता की गई जिसमें पर्यावरण में हो रहे उतार-चढ़ाव पर गहन चिंतन में मनन किया गया और लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडीबेन पावेल को माल्यार्पण करते हुए जनरल सलामी दी गई।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में पिंकू जिला प्रशिक्षक , नैना , शिवानी एवं आर्यन सहित सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्काउट-गाइड आंदोलन की प्रासंगिकता, सामा. जिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया तथा भविष्य में और अधिक जन-उपयोगी गतिविधियाँ आयोजित करने का संकल्प लिया गया।



## खतौली में रमाकांत सैनी की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा सैलाब

शाहटाइम्स सवांददाता



**खतौली।** मोहल्ला सैनी नगर में रविवार को स्वर्गीय रमाकांत सैनी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भारी भीड़ उमड़ी। पूर्व विधायक रामपाल सैनी के पुत्र रहे रमाकांत सैनी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक पहुंचे। शोकसभा का माहौल भावुक रहा और उपस्थित लोगों की आंखें नम नजर आईं। वक्ताओं ने रमाक. ांत सैनी के सहज स्वभाव, सौम्य व्यक्तित्व और सामा. जिक सरोकारों को याद करते हुए कहा कि वे हर व्यक्ति के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र ने एक सक्रिय, मिलनसार और संवेदनशील समाजसेवी को खो दिया है।

सभा में पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री मदन छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, पंकज भटनागर, सभासद अमित त्यागी, सुनील उपाध्याय, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदा. धिकारी डॉ. चंद्रमोहन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रताप वाल्मीकि, राजू उपाध्याय, डॉ. देशराज सिंह, सतीश नागपाल, ठाकुर मनवीर सिंह, श्याम सिंह सैनी, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, विनोद सैनी, पूर्व सभासद रमेश चंद सैनी, डॉ. सुरेश पाल सिंह, नीरज गोयल, राजू सैनी भगीरथी समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धांजलि देने वाले मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से परिवार को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## नेत्र आघात पर जागरूकता अभियोजन कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज इंजीनियरिंग संकाय में नेत्र आघात Ocular Trauma के उन्मूलन पर व्याख्यान एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के चेयरमैन डॉ एससी कुलश्रेष्ठ की प्रेरणा से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार सिंघल, नेत्र शल्य चिकित्सक, निदेशक डॉ एसएन चौहान, डा अशोक कुमार, डीन डॉ सुचित्रा त्यागी, डॉ अंकुर कुमार, पवन कुमार, फिरोज अली एवं आशीष चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ एसएन चौहान द्वारा मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार सिंघल का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बीमारी के प्रमुख लक्षण आंख में तेज दर्द और सूजन, दृष्टि में कमी व धुंधलापन, आंखों से पानी आना या लाल होना, पलकों पर नील पड़ना और प्रकाश के प्रति संवे. दनशीलता होना है। इसके लिये प्राथमिक उपचार आंखों को पानी से धोना, आंख को छूने व रगड़ने से बचना, बिना डॉक्टर की सलाह के कोई आई ड्रॉप न लेना तथा तुरन्त अस्पताल जाना आवश्यक है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा चश्में पहनने की अनिवार्यता व घरेलू कामकाज के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भी साझा किये गये। जागरूकता अभियान में 166 शिक्षकों व छात्र/छात्राओं ने भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधे सवाल-जवाब कर अपनी शंक. ाओं का समाधान पाया। इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कोलेजेज के निदेशक डॉ0 एसएन चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी को स्वयं तक ही सीमित न रखकर समाज में इसका प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने तथा सफल बनाने में संचालिका इं0 रिचा गोला एवं इं0 रुचि राय का विशेष योगदान रहा। इसके साथ-साथ श्रीमती अंजू त्यागी, इं0 निशु भारद्वाज, इं0 इन्दु चौहान एवं इं0 आकाश काकरान आदि शिक्षकगण का इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण




**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सघन निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से आमजन को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करना तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिखेड़ा, बहादुरपुर, तेवड़ा, ककरौली, तिस्सा एवं मोरना का निरीक्षण कर ओपीडी पंजीकरण, दवा वितरण व्यवस्था, टीकाकरण सत्र, प्रसव कक्ष, लैब सुविधाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य मेलों में आने वाले मरीजों की संख्या, दी जा रही परामर्श सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज का समुचित पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों को प्राथमिकता के आधार पर सेवाएं प्रदान करने, नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित करने तथा गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान जहां भी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिका. रियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को उनके निकट ही सुलभ, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**बुढ़ाना।** एक सड़क हादसे में एक ग्रामीण गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को हस्पताल में भर्ती कराते हुए उसके परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और वाहनघ सहित फरार हो गया।

आते जाते लोगों ने इसकी सूचना बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी तो पुलिस तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची और सड़क पर घायल पड़े युवक को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया। होशघ में आने पर घायल युवक ने अपना नाम शाने आलम पुत्र हुसैन अली निवासी गांव कम्हेडा जनपद मुज" फरनगर बतलाया। घटना की सूचना पुलिस ने घायलघ युवक के परिजनों को फोन पर दी तो परिजन भी मौके पर आ गये थे। गंभीर रुप से घायलघ हुए युवक को डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था।

## रतनपुरी पुलिस ने एसओजी की मदद से लूट का किया खुलासा



**बुढ़ाना।** बीती 19 फरवरी को अनुज कुमार निवासी जमुना विहार खतौली ने रतनपुरी पुलिस को बताया था कि वह स्कूटी से अपनी पत्नी शिक्षा मित्र को रायपुर नंगली स्थित प्राथमिक विद्यालय छोडने जा रहा था। जब वह रायपुर नंगली खलासी पटरी मार्ग अण्डर पास पुल के पास पहुंचा तो वहां खडे एक युवक द्वारा उन्हे अवैध शस्त्र दिखाकर रोक लिया गया तभी पीछे से 2 मोटर साईकिल सवारों द्वारा तमंचा दिखाकर उसकी पत्नी से पर्स छीनने का प्रयास किया गया तथा विरोध करने पर उनकी पत्नी के सर पर तमंचे की बट से प्रहार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी व अभियुक्त उनका पर्स लूट कर फरार हो गये। जिसमें मोबाइल फोन, आधार कार्ड तथा शैक्षिक प्रपत्र थे। इसी दौरान एक मोटर साईकिल पर 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिन्हे चौकिंग हेतु रूकने का इशारा किया गया। मोटर साईकिल सवार चैकिंग हेतु नही रूके तथा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए सठेडी रजवाहे की पटरी पर भागने लगे। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में पुलिस टीम बाल बाल बची। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया व घेराबन्दी कर व आवश्यक बल प्रयोग कर 2 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये। अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे मय जिन्दा व खोखा कारतूस, लूटा गया मोबाईल फोन, आधार कार्ड व लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी। लुटेरों के नाम योगेन्द्र शर्मा पुत्र श्रीपाल व योगेश उर्फ मुकुल पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम मंतौडी जानसठ मुजफ्फरनगर बताए। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में ये मुठभेड़ हुई।

## लावारिसों की वारिस बनीं शालू सैनी

**खतौली।** जहां अपनों के होते हुए भी कई बार लोग जिम्मेदारी से पीछे हट जाते हैं, वहीं खतौली की क्रांतिकारी शालू सैनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने एक ही दिन में दो अज्ञात और एक निर्धन परिवार के मृतक का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर समाज के सामने करुणा और साहस की मिसाल पेश की। थाना क्षेत्र में मिले दो अज्ञात शवों को जब कोई पहचानने या जिम्मेदारी लेने आगे नहीं आया, तब शालू सैनी ने उन्हें अपना मानकर अंतिम विदाई दी। बहन का फर्ज निभाते हुए उन्होंने कंधा दिया और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। तीसरा मामला आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार से जुड़ा था। गरीबी के कारण परिवार अंतिम संस्कार की व्यवस्था नहीं कर पा रहा था। ऐसे में शालू सैनी उनके लिए संबल बनकर सामने आईं। उन्होंने आर्थिक मदद के साथ पूरी व्यवस्था संभाली और मृतक को सम्मानजनक विदाई दिलाई। परिवार की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उनकी पहचान गोपनीय रखी गई। श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान वातावरण भावुक था। शोक के बीच शालू सैनी का मानवीय रूप लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहा था कि आज भी समाज में संवेदनाएं जीवित हैं। गौरतलब है कि शालू सैनी पिछले कई वर्षों से लावारिस और बेसहारा मृतकों के अंतिम संस्कार का दायित्व निभा रही हैं। वे सभी धर्मोंकृहिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाईकृकी परंपराओं का सम्मान करते हुए अंतिम संस्कार की व्यवस्था करती हैं।

# मिट्टी खनन करने वाले माफिया चीर रहे धरती का सीना

**वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस बनी है नतमस्तक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र में मिट्टी खनन का कार्य जोरों शोरों से चल रहा है। रात होते ही दर्जनों ट्रेक्टर ट्रोलियां बैखौफ होकर सड़कों से गुजरती हैं। पुलिस भी इनके आगे नतमस्तक है। जेसीबी मशीनों के द्वारा बड़े ही धड़ल्ले से धरती का सीना चीरा जा रहा है। एक ताजा वीडियो यूटड्रब पर बड़े ही धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। जिसमें रात के समय एक ट्रेक्टर का चालक अपने ट्रेक्टर को बहुत तेज गति से बैखोफ होकर अपने गंतव्य तक लेकर जा रहा है। पीछे लगी ट्रोली में मिटी साफ दिखाई पड़ रही है। कहीं दूर दूर तक भी पुलिस नजर नहीं आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों अवैध रूप से मिटी खनन का कार्य बिना किसी रोक टोक के धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की शिथिलता के कारण अवैध मिटी खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया रात के अंधेरे व दिन के उजाले में भी मिटी खनन कर रहे हैं। दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। सफीपुर पटी, सफीपुर और लुहसाना रोड सहित अन्य कई स्थानों पर अवैध रुप से खासकर रात में मिटी का खनन जेसीबी मशीनों के द्वारा बड़े धड़ल्ले से बैखौफ होकर किया जा रहा है। खनन करने वाले माफिया जेसीबी मशीनों द्वारा मिटी खुदवाकर ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्राली पर लादकर कस्बा व आसपास के क्षेत्रों में मिटी बेंच रहे हैं। इन गांवों में रात दिन अवैध मिटी का खनन जारी है। नाम न छापने की शर्त पर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि बुढ़ाना क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा यह अवैध खनन कार्य जेसीबी मशीन से दिन रात करवाया जा रहा है। इस काम में एक दर्जन से भी अधिक ट्रैक्टर ट्रालियां चल रही हैं। ट्रैक्टरों के चालक ट्राली में अधिक मिटी लोड करके चलते हैं। जिससे मिटी सड़कों पर गिर जाती है। जिससे धूल उड़कर घरों व दुकान में पहुंच रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि धूल से हम ग्रामवासियों के दिन का चौन व रात की नींद हराम हो गई है। वहीं विभिन्न विधियों से लाखों रुपये खर्च कर बनवाई गयी गांव की सड़कें भी धंसकर खराब हो रही है। सूत्र बताते हैं कि खनन माफियाओं से तहसील के कुछ कर्मचारी भी मिले हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि हम लोग इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हैं मगर कोई फायदा नहीं होता। ग्रामीणों ने एसडीएम बुढ़ाना से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध मिटी खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# एसआईआर को लेकर बीएलओ ने चलाया अभियान

**बुढ़ाना।** कस्बा और क्षेत्र में विशेष मतदाता सूची संशोधन एवं सत्यापन अभियान चलाया गया। ये अभियान एसआईआर के तहत लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में चिन्हित मतदाताओं के नाम, पते, आयु, लिंग अथवा अन्य विवरणों में पाई गई त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए चलाया जा रहा है। रविवार के दिन भी बीएलओ अपने अपने बूथों पर बैठे और फार्म 6, 7 और 8 भरे। मतदाताओं को बीएलओ के द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे उसका भी जिसके बाद से मतदाता आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर संशोधन प्रक्रिया पूरी करने में लगे हुए हैं। उनमें बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा दोबारा से संपर्क कर सत्यापन कराया गया। घर घर सत्यापन अभियान ने इस प्रक्रिया को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीएलओ द्वारा व्यक्तिगत रुप से मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर विवरणों का मिलान किया जा रहा है। जिससे सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सका। विभिन्न बूथों पर लोगों ने पहुंचकर अपने दस्तावेजों का परीक्षण कराया। उधर सुपरवाइजर सुशील सैनी ने मतदाताओं से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि शेष रह गई हो तो वे तत्काल संबंधित बीएलओ अथवा निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर सुधार सुनिश्चित कराएं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अंतिम प्रका.



शित मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और प्रमाणिक हो। आज बीएलओ जेनू. बा, असमा, अनुपमा, आबाद, इमराना, राखी, रमेश चंद्र, दीपक कुमार, अमित, सपना, मीनाक्षी, रचना आदि बीएलओ के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

## स्कूटी पर सवार युवती सड़क हादसे में घायल

**बुढ़ाना।** जनपद शामली से स्कूटी के द्वारा बुढाना क्षेत्र में किसी काम के लिए आ रही एक नवयुवती तेज र''तार कार की चपेट में आ गई। इस घटना में वह सडक पर गिरकर घायल हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। युवती को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। जनपद शामली के मौहल्ला दयानंदनगर की रहने वाली लगभग 22 वर्षीया शालू अपनी स्कूटी के द्वारा रविवार के दिन शामली से बुढ़ाना आ रही थी। मेरठ करनाल हाइवे पर करौदा महाजन गांव के गेट के पास वह पीछे से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आ गई।ग्रामीणों ने इसकी जानकारी घायल के परिजनों को दी कुछ देर बाद ही परिजन मौके पर पहुंचे और बाद में पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल अवस्था में नवयुवती को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

## मिलेनियम में ताइक्वांडो प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तृतीय इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चारों सदन के बीच खेली गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। यह प्रतियोगिता ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा व पीटीआई गजेय सिंह की देखरेख में की गई। इस प्रतियोगिता में नीला सदन ने 10 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व छह कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नीला सदन व तृतीय स्थान पर पीला सदन हाउस रहा। सभी विजेताओं को विद्यालय की चेयरपर्सन एवं प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी, मेडल व प्रशिक्षित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### आखिरकार फैसबुकिया प्यार रंग लाया...

# युवक मध्य प्रदेश की युवती को ब्याहकर लाया

**एक ही जाति के निकले प्रेमी युगल**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला पछाला के एक नव युवक को विगत दिवस फेसबुक पर एक युवती से प्यार हो गया। दुल्हा युवक अपने परिजनों को साथ ले जाकर युवती को ब्याहकर ले आया। ये मामला मौहल्ले में चर्चा का विषय बना है। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश की युवती को फेसबुक पर विगत दिवस यूपी के एक लड़के की फेंड रिक्वेस्ट आई। उसने तुरंत एक्सेप्ट कर ली। फिर क्या था। दोनों के बीच शुरू हो गई बातचीत। दोनों के बीच हुई बातचीत के दौरान दोनों ने वीडियो कालिंग कर एक दूसरे को पसंद भी कर लिया। दोनों में बेइंतहा प्यार हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ शादी करने तक की कसम खा ली लेकिन दोनों ही अपने अपने परिजनों को कुछ भी बता नहीं पा रहे थे।

कमाल की बात ये कि दोनों एक ही जाति के थे तो शायद कोई अड़चन वाली बात थी ही नहीं। युवक युवती फेसबुक पर ही अपने प्यार का इजहार करने तक सीमित रह गये। दोनों एक दूसरे से बहुत दूर लेकिन दोनों का दिल एक दूसरे के पास था। इस नैन मटके को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से युवती ने ही पहल की और अपने परिजनों को सब कुछ बता दिया और यह भी चेतावनी दे दी कि अगर वह शादी करेगी तो बुढ़ाना के युवक से ही वरना वह अपनी जान दे देगी। उधर युवक ने भी हिम्मत करते हुए अपने परिजनों को अपने प्यार के बारे में बता दिया और युवती की तरह ही अपने परिजनों को धमकी दे दी। बताया जाता है कि बुढ़ाना आने का समय ना तो युवती के परिजनों के पास था और ना ही युवक के परिजन काफी दूर मध्य प्रदेश नहीं जा पा रहे थे जबकि दोनों युवक युवती एक दूसरे से जल्दी से जल्दी विवाह करने की जिद पर अडे थे। प्रेमी युगल की जिद के आगे दोनों के परिजनों ने घुटने टेक दिए और फोन पर शादी की तारीख तय कर दी। पांच दिन पूर्व युवक दुल्हा बनकर अपने परि. जनों, मेहमानों और पड़ोसियों के साथ बरात लेकर मध्य प्रदेश पहुंचा तो युवती के परिजनों ने भी सभी का खुले दिल से स्वागत किया। बारात में शामिल सभी लोगों की दो दिनों तक अच्छी खातिरदारी कर दुल्हन बनी बैठी युवती को दुल्हे संग विदा किया गया। इस तरह से दोनों की जिद के आगे घुटने टेकते हुए परिजनों ने दोनों को आशीर्वाद दिया।

रविवार की अल सुबह बारात लौट आई। इस शादी की चर्चा पूरे मौहल्ले में जोरों शोरों पर है और इसको दुल्हे दुल्हन की जीत बता रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहावत भी चरितार्थ हुई है कि जोड़िया आसमानों से ही बनकर आती है नहीं तो दुल्हा कहां का व दुल्हन कहां कि वहीं युवक व युवती भी इस शादी से बहुत ही खुश बताए गये हैं।

# बार संघ अध्यक्ष पर हमले के आरोपी पिता पुत्र को जेल भेजा

**जानसठ ।** तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने वाले दो नामजद आरो. पियों पिता और पुत्र को पुलिस ने जेल भेज दिया है तो वही पुलिस बाकी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास कर रही है।

तहसील में शनिवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में थाना भोपा क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी राजेंद्र पुत्र चरण सिंह अपने मकान का बैनामा अपनी भतीजी अंजू पुत्री नरेन्द्र कुमार के हक में करने के बाद वापस लौट रहा था। इसी दौरान विक्रेता राजेंद्र को उसकी पुत्री थाना भोपा क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी संजू, दामाद प्रवीण कुमार उनके पुत्र शिवम व शुभम और पुत्री के ससुर आनंद पुत्र रामस्वरूप आदि ने अपहरण करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर इन लोगों ने अधिवक्ता सोहित कुमार और नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद शर्मा पर हमला कर दिया था। हमले में अध्यक्ष प्रमोद शर्मा घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिवक्ता सोहित कुमार की तहरीर पर पीड़ित विक्रेता राजेंद्र की पुत्री संजू, दामाद प्रवीण कुमार उसके भाई अरुण कुमार, पुत्री के दोनों पुत्र शिवम व शुभम, ससुर आनंद सहित चार व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने नामजद आरोपी विक्रेता के दामाद प्रवीण कुमार पुत्र आनंद और उसके पुत्र शिवम को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सीडीओ ने लापरवाही पर चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को जन शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रखकर, जमीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 15 शिकायतें दर्ज की गईं। मौके पर 7 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष 8 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सीडीओ ने उन्हें निश्चित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निस्तारण में लापरवाही पाई गई या शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशान किया गया, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई

राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री व पश्चिमी यूपी प्रभारी प्रिंस कंसल और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हृदेश मित्तल द्वारा कपिल कुमार गुप्ता द्धएडवोकेटत्र्न को संगठन के जिलाध्यक्ष व हरीश गुप्ता को वरिष्ठ जिला महामंत्री नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी अतिथियों का पगड़ी और पटका पहनाके जिला कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया एवं समस्त पदा. धिकारी ने फूल मालाओं से उनका भविष्य स्वागत किया एवं कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन के संरक्षक गण ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस संगठनात्मक समीक्षा और घोषणा बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री व पश्चिमी यूपी प्रभारी प्रिंस कंसल और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हृदेश मित्तल मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज महेश्वरी एवं किशोर कुमार गोयल संरक्षक गण द्वारा संयुक्त रूप से की गई । कार्यक्रम का सफल संचालन हरीश गुप्ता एवं मनीष बंसल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । जिलाध्यक्ष कपिल गुप्ता ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। इस नवगठित कार्यकारिणी में समाजसेवियों को महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने कहा कि अगर जनता में पैठ है तो चुनाव जरूर लड़ें। वैश्य समाज का विधायक बन सकता है। राष्ट्रीय महांत्री और प्रभारी प्रिंस कंसल ने कहा कि वर्तमान हालातों को देखते हुये वैश्य समाज को संगठित होने





की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मनीष बंसल, विजय कुमार, सुमित मित्तल, पूजा गोयल, नीति सिंघल, रोहित गुप्ता, रोहित जैन, अंकुर गुप्ता, डॉ आदेश संगल, अभिषेक गोयल एड., विक्की बंसल, आशु बंसल, सचिन गुप्ता, विकास अग्रवाल, विक्की बंसल, हार्दिक सिंघल, विपुल तायल, शशि राज गुप्ता, अजय गुप्ता, आदित्य बंसल, संदीप बंसल, अजय गुप्ता, अनिमेष जिंदल, देवांशू बंसल, धीरज गर्ग, अहिंत सिंघल, शलभ गुप्ता, अजय गुप्ता, मोहि. हत गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सुनील मित्तल, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पीएम–सीएम के मेरठ दौरे से पहले खतौली में अलर्ट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मेरठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलदंजी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर खतौली में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई। रविवार को थाना क्षेत्र के भंगेला चौकी पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए नेशनल हाईवे पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की तलाशी ली।

कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी और अन्य आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की। वाहनों में रखे



सामान की भी तलाशी ली गई तथा चालकों से पूछताछ की गई। अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में कुछ समय के लिए हलचल की स्थिति रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मेरठ में आयोजित उच्च स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। खतौली की सीमा से होकर गुजरने वाले मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम समाप्ति तक इसी प्रकार सख्ती जारी रहेगी और हाईवे समेत प्रमुख मार्गों पर नियमित चेकिंग अभियान चलता रहेगा।

# त्रिसुक्त पाठ के समापन पर साधू संतों ने दी पूर्ण आहुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित महाशक्ति सिद्धपीठ आश्रम मे जारी त्रिसुक्त पाठ का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ मे पूर्णआहुति दी गयी व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

वैदिक सुक्त अनुष्ठान के अवसर पर स्वामी विज्ञानंद महाराज ने कहा की वेद के सूक्त वेद की मंत्रराशि से परिपूर्ण होते हैं । इनका विधि पूर्वक अनुष्ठान और शुद्ध उच्चारण के साथ यह वांछित फल देने मे सुलभ है।वेद मंत्रोच्चार एवं अनुष्ठान के लिए श्रीमदभागवत गीता मे सेंकड़ो प्रकार के विधान लिखित हैं।विधि से युक्त अनुष्ठान की पूर्णता पर अन्नदान की व्यवस्था हो, ठीक प्रकार से मंत्रो का उच्चारण हो, साथ ही दक्षिणा का विधान हो।यह सब तभी फलीभूत होते हैं।जब श्रद्धा के साथ इनको परिपूर्ण किया जाये। साध्वी योग नंदनी ने कहा की शुद्धता,पवित्रता,शान्ति के



लिए श्रीसुक्त,पुरुसुक्त,लक्ष्मीसुक्त यज्ञ अनुष्ठान को विधि विधान से आश्रम मे सम्पन्न कराया गया है।चन्द्रमा ब्रह्मचारी ने कहा की जगत कल्याण के लिए संत अपना जीवन का समर्पण करते हैं। सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन अमूल्य धरोहर है।इस अवसर पर मुख्य रूप से रमणगिरी महाराज, गीतानंद गिरी महाराज श्रवण दास महाराज,भरत दास, सच्चिदानंद महाराज,रामसेवक महाराज,अजय कृष्ण शास्त्री, जयदेव महाराज, बसंत दास, जयवीर दास महाराज, कुलदीप, युवराज,रॉबिन पाल, बीके प्रियांशी दीदी,बीके श्रवण भाई लखनऊ से आये अभय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण को मारने वाले चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/फुगाना।** पोस्ट आफिस के कर्मचारी को कार की टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने वाले चालक के विरुद्ध फुगाना पुलिस ने मृतक के छोटे भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार बिजेन्द्र पुत्र कृष्ण निवासी ग्राम भाज्जू थाना बाबरी जनपद शामली ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई मांगेराम फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में स्थित पोस्ट आफिस में कार्यरत थे।

बीती 17 फरवरी की शाम में वह रोजाना की भांति पोस्ट ऑफिस से डड्रटी समाप्त करके बाइक से शामली के पास को निकलकर भाज्जू गांव में अपने घर पर जा रहे थे। तब हाईवे पर प्लाई ओवर दिल्ली वाया देहरादून एक्सप्रेसवे के पास एक कार चालक ने उनकी बाईक में जोरदार टक्कर मारकर उनके भाई मांगेराम को घायल कर दिया। कार चालक उनके भाई मांगेराम को घायल अवस्था में अपनी कार में लिटाकर शामली सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां मेरे भाई को डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मेरे भाई डाक विभाग में कार्यरत थे तथा उनके पास एक बैग रहता था। जिसमें वे डाकखाने की चाबी, फिंगर डिबाइस जरूरी काग. जात व नकदी रखते थे। दुर्घटना में मेरे भाई की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी तथा दुर्घटना के बाद उनके बैग के बारे में कोई जानकारी नही मिली। मृतक के भाई बिजेंद्र ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डिग्री कॉलिज की छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने किया सम्मानित

**मोरना।** मोरना मे शुक्रताल मार्ग स्थित महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हो गया। कार्य मे निपुणता का प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अथितियों द्वारा पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रतीर्थ मे स्थित अखंड धाम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक मदनपाल सिंह व सचिव वेदवीर सिंह प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह मलिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजित शिविर में बेस्ट ग्रुप लीडर छात्रा मानसी,रूपांशी, पायल,रिया को चुना गया सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका मानसी पायल अंजलि व अनुशासन में रूपांशी, आयुषी को पुरस्कृत किया गया छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें यीशु,दीया,श्रेया



शर्मा,मुस्कान ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया हिमानी, खुशी, पूजा, वर्षा,नूपुर,खुशी राठी, काजल, रिया आदि ने मनोहरी नृत्य प्रस्तुत किया। वेदवीर सिंह ने कहा की लक्ष्य निर्धारित कर कठिन मेहनत आपको सफलता के शिखर पर पहुंचा देगी प्राचार्य डॉ.राजपाल सिंह मलिक छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की शि. विर के माध्यम से राष्ट्र सेवा भाव व योग्यता को विकसित किया गया। इस अवसर पर अखंड धाम के संस्थापक सतपाल शर्मा,विनोद शर्मा,डॉ. राज सिंह, नरेश कुमार, आजाद सिंह, शालू चौधरी,सपना शर्मा, नीता चौधरी,मीनू चौधरी, दीपक चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**मोरना।** जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन के सशक्त कदम प्रोजेक्ट अमृत के चौथे चरण मे स्वच्छ जल–स्वच्छ मन अभियान के अंतर्गत शुक्रतीर्थ में गंगा तट पर सेंकड़ो कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी भाग लिया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम मे जीवन व मोक्षदायिनी गंगा के तट पर रविवार की सुबह सवेरे सन्त निरंकारी मिशन से जुड़े सैकड़ों स्वयंसेवकों सहित साध–संगत से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गंगा मे फैली गंदगी को साफ किया पॉलीथिन,पुराने कपड़े, प्लास्टिक आदि के कचरे को उठाया व गंगा घाट को पानी से स्वच्छ से किया।

संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है । इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुँचाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की गंगा को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मां गंगा की स्वच्छता बहुत बड़ा पुनीत कार्य है। जोगिंन्द्र सुखिजा,हरीश कुमार, सुशील कुमार अंश ने बताया की नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल





प्रस्तुत की है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव चौधरी, नवीन कुमार, कपिल त्यागी, डॉ. सत्यपाल सिंह, निधि अरोरा,ऋतु अरोरा, आस्था, वर्षा, तानिया,वैष्णवी, सुधा, हरजीत, कुलदीप,वेदपाल, दिनेश, ब्रह्मपाल, दीपक, परमजीत,डॉ. महकार सिंह, अंशुल, प्रदीप निर्वाल, महिपाल राठी,देवेन्द्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने लाइव देखा मन की बात कार्यक्रम

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्थित भाजपा नेता आशीष जैन के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव देखा और सुना। यह आयोजन भाजपा नेता आशीष जैन के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। सभी ने इन संदेशों को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता आशीष जैन ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सामाजिक मुद्दों, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और युवा वर्ग से जुड़े हुए सब



विषयों पर रखे गए विचार समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के युवक भी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार ट्रक भिड़ंत में चिकित्सक की मौत

## उमरा से लौट रहा था मृतक चिकित्सक, हादसे में कार सवार सात लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव साधारणसिर चौराहे के निकट स्टेट हाईवे पर एक कार के आगे चल रहे ट्रक मे घुस जाने से कार मे उमरा कर वापस लौट रहे एक चिकित्सक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि कार मे सवार अन्य सात लोग घायल हो गये।

मिली जानकारी के मुताबिक बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव पठलोकर निवासी डॉ. आबिद अली सऊदी अरब से उमरा कर बीती रात एक कार द्वारा अपने परिजनों के साथ दिल्ली एयरपोर्ट से वापस घर लौटे रहे थे। रात्रि करीब दो बजे जैसे ही उनकी कार थाना क्षेत्र के गांव साधारणसिर मोड के निकट पंहुची तो आगे चल रहे एक ट्रक से जा टकराई । टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया




और उसमे सवार डॉ. आबिद अली की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार मे सवार सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिनमे आदिल खान की दो पत्नियां सीमा खान और बुशरा खातून, आठ वर्षीय बेटा उमर, देवबंद के खानकाह निवासी अब्दुल रहीम, नौगांव काशीपुर निवासी नौसाबा, तथा मृतक के दो साले फरीद और आदिल शामिल है।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को कार से निकालकर चिकित्सालय में भिजवाया तथा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेजा। बताया जाता है कि घायलों मे कई की हालत गंभीर है। पुलिस ने ट्रक चालक व ट्रक को हिरासत मे ले लिया है। पुलिस के अनुसार परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पुलिस चौकी पठेड क्षेत्र में दो गांव के युवकों के बीच लाठी डंडों से हुई मारपीट प्रकरण में एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद तीन आरोपी युवकों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

शनिवार को गांव नथमलपुर निवासी पीड़ित संजय कुमार व विनीत कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि वह गुरुवार की शाम को पठेड से काम निपटाकर अपने गांव नथमलपुर जा रहे थे कि तभी रास्ते में पठेड बस स्टैंड के पास उनके गांव के ही युवक सुमित के साथ पठेड के कुछ युवक कहासुनी कर रहे थे। जब उन्होंने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो विपक्षियों ने उनके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पीड़ित ने एसएसपी के समक्ष प्रस्तुत होकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई थी।

# शिवालिक गोलीकांड में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** चर्चित शिवालिक गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा, जिंदा कारत.ूस, मोबाइल फोन व कार बरामद की है। वहीं अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी अजय राणा पुत्र सुरेश राणा को पुलिस ने मनो. हरपुर रेस्ट एरिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा हुंडई वेन्यू कार बरामद की गई है। बरामद कार को भी जांच के लिए कब्जे में ले लिया गया है।

इस मामले में वांछित शक्ति राणा निवासी रणखंडी व विक्की राणा सहित चार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना अध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गोलीकांड को लेकर क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मां के संस्कार में जा रहे बेटे की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा ।** मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ट्रेन गांव जा रहे बेटे को भी मौत ने अपने आगोश में लिया मामला अम्बाला सहारनपुर रेल मार्ग पर शाहजहांपुर रेलवे ब्रिज के नीचे यमुना में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली तो मृतक की जेब से आधार कार्ड एवं ट्रेन की टिकट मिली।



शनिवार देर शाम शाहजहांपुर पुलिस चौकी पहुंचे मृतक के छोटे भाई नंदलाल ने मृतक की शिनाख्त अपने बड़े भाई 63 वर्षीय मृतक हरिप्रसाद पुत्र लोहर मूल निवासी जनपद संत कबीर नगर थाना महोली गांव जिगना के रूप में करते हुए बताया कि मृतक पंचकूला में रहकर पीओपी का कार्य करता था। एक दिन पूर्व शुक्रवार को मां का देहांत हो गया था मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंबाला से ट्रेन में सवार हो जनपद संत कबीर नगर में अपने गांव जा रहा था। इस संबंध में शाहजहांपुर चौकी प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे रेलवे ब्रिज के नीचे यमुना में रेत पर पड़े मिले व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनो से खबर दे शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया है।

# दुकानदार पर हमला, बाजार में अफरा तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के मुख्य बाजार में मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। शरारती तत्वों ने एक दुकानदार पर लाठी डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची महिला के साथ भी अभद्रता किए जाने का आरोप है।

यहां नगर के मौहल्ला महादेव स्थित रामलीला भवन के समीप कॉस्मेटिक की दुकान संचालित करने वाले संदीप उर्फ गुड्डू दीक्षित ने बताया कि शनिवार देर शाम को कुछ युवक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से मुख्य बाजार की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक उसकी दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल से टकरा गई। जब उन्होंने युवकों से सावधानी से वाहन चलाने की बात कही तो वे



भड़क उठे तथा गाली गलौज करने लगे। इसी बीच आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया लेकिन युवकों के तेवर आक्रामक बनते गए। आरोप है कि कुछ समय बाद तीन युवक हाथों में लाठी डंडे लेकर दोबारा मौके पर पहुंचे और निहत्थे दुकानदार पर ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए।

अचानक हुए हमले से बाजार में अफरा तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के दुक.ानदार और राहगीर मौके पर दौड़े और बीच बचाव कर किसी तरह हमलावरों को खदेड़ा। हमले में दुकानदार को गंभीर चोटें आई। जाते जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि हमलाव.रों ने उसकी पत्नी के साथ भी बदसलूकी की और अपमान.जनक शब्द कहे। घटना के बाद घायल दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने निसु नामक युवक तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यापारियों ने शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

# हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

घटना के अनुसार शिकायतकर्ता जोगेंद्र सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह, निवासी फरकपुर नवादा थाना फतेहपुर ने तहरीर दी थी कि बारात के दौरान विवाद बढ़ने पर आरोपी अशोक सिंह, अनुप सिंह, राहुल, रवि सहित 4-5 अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने धारदार हथियारों से लैस होकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया।

इस हमले में शिकायतकर्ता के पुत्र सुनील, मोन्टी, आशू कुमार, भूपेंद्र और विनीत सहित कई युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आरो.पियों ने गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम, जिसमें उप-निरीक्षक बबलू कुमार और कांस्टेबल 412 धनुज कुमार शामिल थे, ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त राहुल को भोगपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी राहुल ने कबूल किया कि वह बारात के साथ फरकपुर नवादा पहुंचा था। किसी छोटी बात पर लड़की पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर वह, अशोक, अनुप सिंह, रवि और अन्य साथियों ने मिलकर मोन्टी एवं उसके दोस्तों पर जानलेवा हमला कर दिया।

## दो तस्कर दबोचे

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अलग अलग जगह से 2 आरोपी नशा तस्कर गिरफ्तार किए, जिनके कब्जे से करीब 5.50 लाख रुपये कीमत की कुल 27.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने ग्राम दुमझेड़ा कट से नाल्हेड़ा की ओर जाने वाले रास्ते पर आरोपी नशा तस्कर मोहम्मद उर्फ आशू पुत्र अशरफ निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 15.25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम द्वारा फिरोजाबाद रोड से ग्राम अब्दुल्लाह अहाडी की ओर जाने वाले रास्ते पर आरोपी नशा तस्कर साजिद पुत्र मकसूद निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना चिलकाना को 12.37 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

# बाजारों में होली की रौनक शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** होली पर्व के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में तरह-तरह के रंग व पिचका.रियों सजने लगी है। मिष्ठान भंडारों से होली के खास पकवान गुंजिया की खुशबू उडनी शुरू हो गई है।

रंगों के त्योहार होली पर नगर के मुख्य बाजारों में अबीर गुलाल व पिचकारियों से दुकानें सजने लगी है तथा मिष्ठान भंडारों से होली के खास पकवान गुंजिया की खुशबू उडनी शुरू हो गई है। होली नजदीक आने के साथ ही तरह-तरह के रंग व पिचकारियों सजने लगी है परंतु फिर भी बाजार बिक्री अभी तक बढ़ नहीं पाई है। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह बना हुआ है। होली की पेषाकें रंगीन टोपियां भी पर्व के मौके पर जमकर बिक्री के लिए लगाई गई है। तरह-तरह के कलर बाजार में उपभोक्ता के लिए उपलब्ध है। होली पर्व तैयारियों में स्थानीय लोग भी जुट गये है। कुछ लोग होली पर्व को सादगी के साथ मानते है। जबकि स्थानीय चिकित्सक तेज रंगों के प्रयोग के घातक परिणामों से भी लोगों को भली भांति अवगत कराते है। क्योकि कुछ कलर स्कीन को नुकसान भी पहुंचा सकते है।



# तंबाकू उत्पादों पर हो रही एमआरपी से अधिक वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** यूनियन बजट 2026 में तंबाकू उत्पादों पर लगाए गए भारी टैक्स के बाद कस्बा छुटमलपुर क्षेत्र में कालाबाजारी का मकड़जाल फैल गया है दुकानदार पुराने एमआरपी वाले पैकेट्स पर मनमाने ढंग से 20 से 50 प्रतिशत तक ज्यादा दाम वसूल रहे हैं जबकि नए टैक्स नियम 1 फरवरी 2026 से लागू हो चुके हैं ग्राहक परेशान हैं लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

स्थानीय ग्राहकों के अनुसार 10 रुपये एमआरपी वाली सिगरेट अब 12 से 15 रुपये में बिक रही है जबकि 4 रुपये एमआरपी वाला पान मसाला जो हमेशा 5 रुपये में बिकता है अब 6 से 8 रुपये तक पहुंच गया है कुछ दुकानों पर गुटखा और पान मसाला के पैकेट्स पर 30 50% तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है एक ग्राहक ने बताया, पुराने पैकेट पर डत्त्‍ छपी है फिर भी दुकानदार कहते हैं कि थोक में महंगा मिल रहा है अगर टैक्स बढ़ा है तो कंपनियां नए पैकेट क्यों नहीं भेज रही इसके अलावा बीड़ी के दाम भी मनमाने तरीके से बढ़ा दिए गए हैं जबकि बीड़ी पर कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है।



यह साफ कालाबाजारी है ध् लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, 2009 के तहत दुकानदार डत्त्‍ से ज्यादा नहीं बेच सकते।

ऐसा करना कालाबाजारी माना जाता है और एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के तहत जुर्माना, जब्ती या लाइसेंस रद्द हो सकता है फिर भी जिला प्रशासन फूड सेफ्टी एवं लीगल मेट्रोलॉजी विभाग या पुलिस की ओर से कोई बड़ी छापेमारी या कार्रवाई की खबर नहीं है ग्राहकों की मांग है कि तत्काल छापेमारी और दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई हो पुराने एमआरपी वाले स्टॉक पर सख्ती से एमआरपी का पालन करवाना कंपनियों से नए डत्त्‍ वाले पैकेट्स जल्द जारी करने मांग की है एक स्थानीय निवासी ने कहा यह पुरे जनपद में फैला मकड़जाल है अगर प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाया तो आम आदमी की जेब कटती रहेगी

# पेड़ उखाड़ने व मारपीट करने के मामले में पुलिस जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव चकबीबीपुर में पड़ोसी किसान द्वारा खेत में खडे पेड उखाड़ने, गाली गलौज करने का विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

ज्ञात हो कि गांव चकबीबीपुर निवासी विकास पुत्र बनारसी ने थाना पर तहरीर देकर अवगत कराया था कि उसकी चचेरी बहन सुनीता पत्नी चरणसिंह निवासी ग्राम बुड्ढाखेडा थाना चिलकाना की गांव चकबीबीपुर में काश्त की जमीन है। आरोप था कि पड़ोसी किसान द्वारा उसके खेत से एक वर्ष पूर्व में लगाये गये पोपुलर के लगभग दस पेड उखाड़ व तोड दिये गये। जिसके बारे में बात करने पर पड़ोसी किसान उसके व बहन के साथ गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी जिससे वह चोटिल हो गया।

पीड़ित द्वारा तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई थी।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि उक्त प्रकरण में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी विशाल, गौरव व शुभम पुत्रगण अरविन्द निवासी ग्राम चकबीबीपुर थाना चिलकाना के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल का औचक निरीक्षण

## एसआईआर की त्रुटियां दूर करने में जुटे बीएलओ, घर-घर सत्यापन अभियान को दी गति, अधिनस्थों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया व्यवस्थाओं को जायजा लिया और अधीनस्थ अधिकारियों का विशेष दिशा निर्देश जारी किये।

एसआईआर मतदाता सूची में पाई गई त्रुटियों को दूर करने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं और घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण का सत्यापन कर सूची को त्रुटिरहित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रह। मौहल्ला आली स्थित



महक टैंट हाउस पर एसआईआर की त्रुटियों को दूर करने का कार्य सामा.जिक कार्यकर्ता नजम पाशा, बूथ संख्या 234 के बीएलओ खुशतर प्रवेत, बूथ संख्या 233 के बीएलओ रोहित तथा सदर तहसील के पटवारी विकुल चौधरी की देखरेख में तेजी से किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान अब लगभग पूर्णता की ओर है और अधिकांश प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों की औपचारिकताएं भी निर्धारित समय में पूरी कर ली जाएंगी। बीएलओ खुशतर प्रवेत ने बताया कि एसआईआर के तहत ल ा ॅ ि ज क ल डिस्क्रिपेंसी में चिन्हित मतदाताओं के नाम, पता, आयु, लिंग एवं अन्य विवरणों में पाई गई त्रुटियों को ठीक करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में मतदाताओं ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर संशोधन प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। जिन मामलों में दस्तावेज अधूरे थे, उनमें बीएलओ द्वारा पुनः संपर्क कर सत्यापन कराया गया। पटवारी विकुल चौधरी ने बताया कि घर-घर सत्यापन अभियान से प्रक्रिया को काफी गति मिली है। बीएलओ द्वारा व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से संपर्क कर विवरणों का मिलान किया गया, जिससे मतदाता सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बन सकी है।

बीएलओ रोहित ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रविष्टि का गंभीरता से परीक्षण किया जा रहा है।

# मालिन नदी पर स्थायी पुल की मांग तेज

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोक निर्माण मंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में मालिन नदी पर स्थायी पुल निर्माण को लेकर एक बार फिर मांग तेज हो गई है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर मालिन नदी तथा मान.नगर रामगंगा घाट पर स्थायी पुल निर्माण की तत्काल स्वीकृति देने की मांग की है।



सांसद ने पत्र में बताया है कि मालिन नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण नांगल थाना क्षेत्र और किरातपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण पिछले कई दशकों से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यह मार्ग केवल एक-दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि सबलपुर, बरकातपुर, पुंडीर खुर्द, कमाल.पुर, चंदोक, मानपुर, महंसापुर, खेडी, नया गांव, बरामपुर सहित अनेक गांवों के लिए जीवनरेखा की तरह कार्य करता है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण प्रतिदिन इसी मार्ग से खेतों, बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण बरसात के मौसम में जब जलस्तर बढ़ जाता है तो संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर अस्थायी साधनों या वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ता है। कई बार इस दौरान दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीण हर वर्ष अपनी मेहनत और निजी खर्च से लकड़ी, बांस, मिट्टी व लोहे के सहारे अस्थायी पुल तैयार करते हैं ताकि कुछ समय के लिए आवागमन बना रहे। लेकिन पहली ही तेज बारिश में यह अस्थायी पुल बह जाता है, जिससे ग्रामीणों की मेहनत और लाखों रुपये की लागत व्यर्थ हो जाती है। सांसद ने पत्र में बताया कि लगभग 40 वर्षों से मालिन नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग उठती आ रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने माननगर गांव के पास बह रही रामगंगा नदी के घाट पर भी स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई है। यहां पुल न होने के कारण सैकड़ों किसानों को अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ी से नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# अल्लाहवाला में गुरु रविदास जी का भंडारा

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला अल्लाहवाला में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के तृतीय विशाल भंडारे का श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर शुक्रताल से पधारे संत सतीशदास महाराज ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने उपस्थित लोगों को गुरु रविदास जी के आदर्शों और शिक्षाओं का अनुसरण करने का संद.ेश दिया तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सिद्धार्थ कुमार, सौरव कुमार, विकास कुमार, बोबी कुमार, सागर सिंह, नीरज कुमार, रवि आदि रहे।



# ट्रैक्टर ट्राली चालक की दुर्घटना में मौत, परिजनों ने दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी की ढुलाई कर रहे चालक की देर रात दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचानक हुई मौत से चालक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जड़ोदाजट निवासी 32 वर्षीय रोहित पुत्र सोनू ट्रैक्टर ट्राली चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार की रात वह गांव के ही एक व्यक्ति की ट्रैक्टर ट्राली से करनजाली बास्तम मार्ग पर मिट्टी की ढुलाई कर रहा था। देर रात करीब बारह बजे ट्रैक्टर की किसी अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे चालक रोहित की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा



भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अचानक हुई रोहित की मौत से बेहाल परिजनों ने ट्रैक्टर ट्राली मालिक पर दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें जानकारी न देने का आरोप लगाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भायला पीजी कॉलेज भायला सहारनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शि. विर का समापन हुआ। इसमें स्वंय सेवकों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

भायला पीजी कॉलेज भायला सहारनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन समापन समारोह में मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित प्राध्यापक श्री प्रमोद कुमार पांडे ने किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा को माल्या अर्पण किया। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की सुंदर वंदना की प्रस्तुति दी ,आज छात्र एवं छात्राओं ने स्वागत गीत ,वंदे मातरम, देशभक्ति गीत, कविता पाठ ,और राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत का गान शिविर स्थल प्राचीन शिव मंदिर भायला कलां के प्रांगण में किया। आज श्री तुषार राणा जी महाविद्यालय प्रवक्ता ने सात दिन में



शिविर में कराए गए कार्यों की संक्षिप्त रिपोर्ट पढ़ी। शिव मंदिर में उपस्थित साध्वी पृथ्वीपुरी जी ने छात्र-छात्राओं को समझाया की शि. विर लगाने का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम समाज में फैली बुराइयों को कम कर सकें एवं छात्र व छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करनी आवश्यक है ,आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है हमें देश के उत्थान के कार्य करने में योगदान देना चाहिए और बुराइयों से बचना चाहिए। शिविर संचालन में रिया एवं वैष्णवी पांडे दोनों छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय गान के साथ आज सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंदिर प्रांगण में हो गया।

**सूचना**

मेरा नाम एडवोकेट अमित वर्मा हैं, मेरा चैम्बर संख्या - 44, सिविल कोर्ट सहारनपुर है। सूचित कराना है कि मेरी मुवक्किल राखी पत्नि प्रवीण कुमार, निवासी ग्राम लखनौती जिला सहारनपुर की है जोकि दिनांक-03.02.2026 को अपने घर से अपनी सम्पत्ति के पूर्व मूल दो बैनामे पॉलीथीन में डालकर अपनी स्कूटी से फोटो स्टेट कराने के लिए समय करीब 11 बजे दिन में गई थी, रास्ते में पॉलीथीन की थैली कहीं गिर गई। जोकि काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। जिसमें श्रीमति नेहा देवी ने बैनामा इकरारी श्रीमति अंजू दिनांक-02 दिसम्बर सन 2019 जिसकी रजिस्टरी बही संख्या जिल्द सं. 12304 के पृष्ठ 211 से 236 तक क्रमांक- 10।।। दिनाांकित- 02.12.2019 0 दफ्तर सब रजिस्ट्रार प्रथम सहारनपुर हुई तथा उक्त सम्पत्ति श्रीमति अन्जू ने बरा बैनामा इकरारी मौहम्मद युसुफ दिनांक 06.12.2017 जिसकी रजिस्टरी बही संख्या जिल्द संख्या 10808 पृष्ठ संख्या 33 से 48 पर 8250 दिनांक 07.12.2017 दफ्तर सब रजिस्ट्रार पृथम सहारनपुर हुई खारीद की थी । जिस व्यक्ति को यह बैनामे मिले वह निम्न पत्ते पर सम्पर्क करे।

पता - एडवोकेट अमित वर्मा
चैम्बर संख्या - 44
सिविल कोर्ट
सहारनपुर
9411299121

**NAME CHANGE**

In my Passport no. D0825194 my husband's name is mentioned as Iqtdar Husain whereas in my adhar card his name is mentioned as Iktadar Husain. Iktadar Husain and Iqtdar Husain both name pertain to the same person i.e. my husband. In future my husband shall be know by the name of Iktadar Husain.
Husna w/o Iktdar Husain R/o 1882/12, Sarai Faiz Ali, Purani Mandi Distt. Saharanpur (U.P)-247001

**मुकद्दस रमजान**
पांचवा रोजा इफ्तार
23 फरवरी
---
सुन्नी 06.14 बजे
शिया 06.23 बजे

पांचवां रोजा सहरी
23 फरवरी
-----
सुन्नी 05.28 बजे
शिया 05.20 बजे

नोट: सहरी और इफ्तार के समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है।

## खालिद-तालिब के तीन स्टोन क्रेशरों पर गिरी गाज

**नजीबाबाद।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशन में खालिद-तालिब के मामले में बरेली से खनन सीनियर सर्वेयर दिनेश कुमार, खनन निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार अमित कुमार की राजस्व टीम ने मंडावली क्षेत्र के श्यामीवाला में ताज स्टोन क्रेशर व नारायणपुर रतन में सुपर स्टोन क्रेशर, सागर स्टोन क्रेशर पर पहुंचकर जांच की।

# पंच प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब में बाबा अकाल पुरख सिंह की बरसी पर चल रहा वार्षिक समागम रविवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान गदका पार्टियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए।

गांव पनियाली कासिमपुर में गुरूद्वारा साहिब पातशाही 6वीं सालाना समागम कीर्तन दरबार के बाद रविवार को नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में शामिल गदका पार्टियों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए जिन्हें देख लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। हजारों की संख्या में संगत ने गुरूद्वारा साहिब पहुंचकर माथा टेका। बाबा अजीत सिंह तुगलकपुर, भाई अर्जन सिंह, भाई मनजिंदर सिंह ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। इस दौरान बाबा रंजीत सिंह, आप नेता योगेश दहिया, राजपाल सिंह, रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह, काबल तोड़ सिंह, पवित्र सिंह, मनजोत सिंह आदि मौजूद रहे। बता दें कि छठे




पातशाह साहिब श्री गुरू हरगोबिंद सन् 1680 फाल्गुन मास में नानकमत्ता जाते हुए इस स्थान पर ठहरे थे। बाबा अकाल पुरख सिंह ने इस स्थान पर इमारत बनवाकर सेवा संभाल ली। उनके देहांत के बाद प्रतिवर्ष बरसी पर यहां विशेष समागम आयोजित किए जाते है

## वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरुपयोग करने पर रोजगार सेवक की सेवा समाप्त करने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद निवासी ग्राम नूरपुर अरब के शिकायती पत्र, जिसमें ग्राम सेवक द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत भारी अनियमितता के आरोप से संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा कराई गई। जांच में पाया गया कि शहबाज, ग्राम रोजगार सेवक ग्राम पंचायत नूरपुर अरब द्वारा अपने परिवारजनों के डुप्लीकेट जॉब कार्ड जारी करके बिना काम किए फर्जी मस्टररोल भरकर, अपने परिवारजनों को दूसरी बिरादरी के जॉब कार्डो में कूट रचना से जोड़कर सरकारी धनरा. शि का दुर्विनियोग/व्यपहरण किया गया तथा नियमित संविदा कर्मी आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती यशोदा को फर्जी मस्टररोल भरकर धनराशि का भुगतान कराया गया है। उन्होंने उक्त क्रम में खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, विकास खण्ड कोतवाली, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत नूरपुर अरब शहबाज पुत्र अय्यूब के विरूद्ध फर्जी जॉब कार्ड बनाने, एक बिरादरी के व्यक्तियों का नाम दूसरी बिरादरी के जॉब कार्ड में जोड़ने, काल्पनिक व्यक्ति का जॉब कार्ड बनाने एवं मस्टररोल भरने तथा कुल रूपये 467436/- की धनराशि का दुर्विनियोग/व्यपहरण करने के लिए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), विकास खण्ड कोतवाली को निर्देशित किया जाता है कि वह अपचारी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने के लिए नियमानुसार ग्राम पंचायत द्वारा कार्यवाही कराएं।

# एसडी इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में एक बार फिर एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर में संस्थान की सफलता दर 100 प्रतिशत रही, जो कॉलेज की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली को दर्शाती है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय एवं जनपद का गौरव बढ़ाया है।

सातवे सेमेस्टर में सर्वाधीक सेमेस्टर ग्रेडिग एस0जी0पी0ए0 प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग से आकांशी मलिक 9.37, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से कु0 नेहा 9.8, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युननिकेशन



इंजीनियरिंग से अमन प्रिया वासु 8.89, इलेक्ट्रिकल इंजीननियरिंग से अंकित सैनी 9.05, मैकेनिकल इंजी. नियरिंग से सौरभ कुमार 8.74 तथा सिविल इंजीनियरिंग से दिया 9.05 ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। पांचवे सेमेस्टर में कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजी. नियरिंग से जिज्ञासा 8.57, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से रूपाली 8.26, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से तान्या गर्ग 7.91, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से रोहिता त्यागी 8.43, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से अनामिका त्यागी 7.22, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से निशांत 7.43 तथा सिविल इंजीनियरिंग से मोहम्मदर फरहान 7.22 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजी. नियरिंग से अनुष्का 8.56, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से महिमा चौधरी 8.4, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से श्रेया धीमान 8.36, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशल इंजीनियरिंग से सादिया त्यागी 8.12, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से अमित कुमार 8.16, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से विशाल राजा 7.28 ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रथम सेमेस्टर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से लक्ष्य त्यागी 8.59, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अश्विनी जैन 8.23, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से मन्नू कुमार 6.27, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिक. शन इंजीनियरिंग से नारायण पुण्डीर 8.05, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से अंश कुमार 7.2, मैकेनिकल इंजी. नियरिंग से रिहान 7.14 तथा सिविल इंजीनियरिंग से मोहित 7.18 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा, ''यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है।

हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को सफल भविष्य की ओर अग्रसर करना है। संस्थान के निदेशक डॉ0 सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, ''100 प्रतिशत सफलता दर हमारे शैक्षणिक वातावरण की मजबूती को दर्शाती है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। सभी विभागाध्यक्षों एवं संकार सदस्यों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**NAME CHANGE**

I have changed my name from SHARYL to SHARYL TAKKAR in future I shall be known as this name.
SHARYL TAKKAR D/O VIPPY TAKKAR, R/O 68, KISHOR BAGH, NEAR DR. PRATAP CLINIC, JAIN COLLEGE ROAD DISTT SAHARANPUR

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने पुत्रगण शाहरुन, आमिर व पुत्रवधुओं आयशा, मंतशा को उनके दुर्व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**इकबाल पुत्र सईद अहमद,**
कोडबंदान नखाशा बाजार
(सहारनपुर)

## हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से गन्ना जला

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा निवासी मुन्नू चिकारा के खेत में हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार गिरने से उनके करीब 5 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। मुन्नू चिकारा के पुत्र सोनू चिकारा ने बताया कि 5 बीघा जमीन में खड़ा करीब साढ़े चार सौ कुंटल गन्ना जल गया, जिससे करीब दो लाख रुपयों का नुकसान हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआयना कर मुआवजे की गुहार लगाइए है।

# बोर्ड परीक्षाओं के बीच पूरी रात गूंज रहा डीजे

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** एक ओर बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को संवारने के लिए रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नगर में पूरी-पूरी रात तेज आवाज में डीजे बजाकर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो जिम्मेदारों को विद्यार्थियों के भविष्य से कोई सरो. कार ही नहीं है।

रात्रि 10 बजे के बाद डीजे

## नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

बजाने पर स्पष्ट प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर पूरी-पूरी रात तक कानफोड़ू शोर जारी रहता है। प्रशासनिक आदेश कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं और नियमों का पालन कराने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा।



तेज ध्वनि के कारण न केवल परीक्षार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि बुजुर्ग, बीमार और छोटे बच्चे भी रातभर परेशान रहने को मजबूर हैं। अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह शोरगुल चलता रहा तो बच्चों की तैयारी पर गंभीर असर पड़ेगा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सवाल यह उठता है कि जब नियम स्पष्ट हैं तो उनका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा? क्या बोर्ड परीक्षाओं से अधिक महत्वपूर्ण रातभर बजने वाला डीजे है?

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और आवश्यक होने पर उपकरण जब्त किए जाएं।

यदि समय रहते कड़ाई नहीं बरती गई तो यह लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हो सकती है।

# किसान ने फांसी लगाकर जान दी




शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** थाना क्षेत्र के पटपड़ा गांव में देर रात के समय एक किसान ने बीमारी से परेशान होकर फंदे से लटककर जान दे दी।

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पटपुरा गांवड़ी निवासी मृतक बृजेश चौहान (46 वर्ष) पुत्र स्व. रोहिताश सिंह पेट की बीमारी से ग्रस्त थे। शनिवार की देर रात लगभग 12 बजे वह घर से चुपचाप मुख्य द्वार की कुंडी बाहर से लगकर निकले थे। रविवार की सुबह लगभग सात बजे राहगीरों ने घने कोहरे के बीच बृजेश के शव को पेड़ से लटके देखा। ग्रामीणों ने परिजनों एवं पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी पत्नी व दो बेटों साहिल (10 वर्ष) व अर्पित (7 वर्ष) के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि बृजेश करीब पांच वर्ष से किडनी की बीमारी से परेशान था और दो साल से गन्ने की फसल की अच्छी पैदावार न होने से आर्थिक रूप से कमजोर हो गया था। इससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा था।

पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट



बरामद हुआ है। इसमें किसान ने अपनी दोनों किडनी खराब होने और बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद उसका बिजनौर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। छोटा बेटा भी पिता की तरह ही गंभीर रूप से बीमार है बताया जा रहा है कि पिता की तरह ही उसे भी डॉक्टरों ने लाइलाज घोषित कर दिया है। मृतक बृजेश बाबा रामपाल जी के अनुयायी थे। बृजेश की माता की मृत्यु बाबा के आश्रम में भगदड़ के दौरान हो गई थी।

# सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ों को काट ले गए माफिया

## क्षेत्र में माफिया बेलगाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** सीरवासुचंद में ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को लकड़ी माफिया दिनदहाड़े काट कर ले गए। कुछ ग्रामीणों ने लकड़ी माफियाओं द्वारा पेड़ काटे जाने की वीडियो बना ली है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद में खसरा संख्या 21 में जोहड़ी स्थित है। जोहड़ी के किनारो पर चारों ओर हजारों रुपए मूल्य के यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े थे, जो कि राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज हैं। ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के सरकारी पेड़ों को कुछ दबंग लकड़ी माफियाओं ने रविवार सुबह काट लिया और ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले गए। ग्रामीणों का





आरोप है कि इस अवैध कटान से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने इस मामले में राजस्व विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं और जांच की मांग की है।

इस संबंध में तहसीलदार धामपुर धनराज पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मीना बाजार में दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट

**नगीना।** मौहल्ला पंजाबियान के मीना बाजार में शनिवार को एक साधारण विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया। कपड़े की वापसी को लेकर शुरू हुई बहस कुछ ही मिनटों में मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई, जिससे पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुई इस हिंसा से बाजार में मौजूद ग्राहक व अन्य दुक. ानदार घबरा गए। कई दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोगों के सिर फट गए और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया। एक ग्राहक खरीदा हुआ कपड़ा वापस करने दुकान पर पहुंचा था। लेकिन दुकानदार की तरफ से कपड़ा वापस लेने से इनकार करने पर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। पहले मामला जुबानी बहस तक सीमित था। लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। चश्मदीदों के अनुसार, झगड़े के बाद ग्राहक वहां से चला गया। लेकिन कुछ समय बाद अपने साथियों के साथ दोबारा दुकान पर पहुंचा। इसके बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए और जमकर लात-घूंसे चले। हालात तब और बिगड़ गए जब लोगों ने हाथों में ईंट और पत्थर उठा लिए और एक-दूसरे पर फेंकने लगे। घटना का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

# भारत 'ए' ने जीता खिताब

● **तेजल हसबनीस ने 51, राधा यादव ने 36 रनों की शानदार पारी की बदौलत बांग्लादेश 'ए' को 46 रनों से हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** तेजल हसबनीस (नाबाद 51), कप्तान राधा यादव (36) के बाद प्रेमा रावत (तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को बांग्लादेश ए टीम को 46 रनों से हराकर महिला एशिया कप राइजिग स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ए महिला टीम को साइमा ठाकोर ने तीसरे ओवर में इश्मा तंजीम (तीन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शमीमा सुल्ताना और सरमिन सुल्ताना की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में प्रेमा रावत ने शमीमा सुल्ताना 15 गेंदों में (20) रन को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

सरमिन सुल्ताना (18) को राधा यादव ने आउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। लता मंडल (एक), सादिया अख्तर (10), कप्तान फाहिमा खातून (14) और फरजाना ईस्मिन (छह) रन बनाकर आउट हुई। 18वें ओवर में तनुजा कंवर ने संजीदा अख्तर मेघला (पांच) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई।20वें ओवर की पहली गेंद पर तनुजा कंवर ने शोरिफा खातून (नौ) को आउट कर बांग्लादेश की टीम को 88 रन के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला और खिताब 46 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत ए महिला टीम के लिए प्रेमा रावत ने 12 रन देकर चार विकेट लिए। सोनिया मेंधिया और तनुजा कंवर को दो-दो विकेट मिले।

राधा यादव, साइमा ठाकोर और मिन्नु मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर भारत ए महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। दिनेश वृंदा 17 गेंदों में (19), नंदिनी कश्यप (आठ), मिन्नु मनी (शून्य) और अनुष्का शर्मा (आठ) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय तेजल हसबनीस और कप्तान राधा यादव की जोड़ी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 17वें ओवर में फाहिमा खातून ने राधा यादव को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। राधा यादव 30 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। इसी ओवर की छठी गेंद पर फाहिमा खातून ने तनुजा कंवर (एक) का भी शिकार कर लिया। उन्होंने 19वें ओवर में प्रेमा रावत (चार) को भी आउट किया। हालांकि इस दौरान तेजल हसबनीस एक छोर थामे रन बनाती रही। भारत ए महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 134 रनों का स्कोर खड़ा किया। तेजल हसबनीस ने 34 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश ए महिला टीम के लिए फाहिमा खातून ने चार विकेट लिए। फातिमा जहान और फरजाना ईस्मिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूपी ब्रिज स्टार्स ने बीसीएल सीजन-2 के लिए शिखर धवन को रिटेन किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** भारत के पूर्व ओपनर शिखर धवन को यूपी ब्रिज स्टार्स ने बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के सीज़न 2 के लिए एक मार्की प्लेयर के तौर पर रिटेन किया है, फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की। धवन, जो पहले एडिशन में सबसे बड़े आकर्षण में से एक थे, एक बार फिर टूर्नामेंट में खास तौर पर दिखाई देंगे, और अपने इंटरनेशनल अनुभव और स्टार अपील को यूपी-बेस्ड फेंच. इजी में लाएंगे। यह घोषणा धवन के लिए एक बड़े पर्सनल माइलस्टोन के साथ हुई, जिन्होंने अपने लॉन्ग टाइम पार्टनर से एक छोटे से समारोह में शादी की, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार शामिल हुए।

### कार्तिक ने जीती नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई के कार्तिक करकेरा ने रविवार सुबह कॉग्निजेंट नई दिल्ली मैराथन के 11वें एडिशन में पूरे रास्ते धूम मचाई और यह प्रतिष्ठित ताज अपने नाम किया। जब दुनिया सो रही थी, तब 42.2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे और तेरह मिनट (02:13:10) की शानदार टाइमिग में पूरी करते हुए, करकेरा ने इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाइंग मार्क को आराम से पार कर लिया। पेशे से डॉक्टर, 28 साल के करकेरा को आखिरकार पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल करने के लिए गोपी थोनाकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) की कड़ी कोशिश को रोकना पड़ा। तीनों के बीच ज़बरदस्त मुकाबले में उन्होंने कुछ ही पलों के अंदर फिनिश लाइन पार की, जो सितम्बर में एशियन गेम्स में पुरुषों के लिए ज़रूरी 2:15:04 से काफी कम था। हालांकि, टॉप महिलाएं अपने पुरुष साथियों के शानदार रन की बराबरी नहीं कर पाईं, और 2:31:52 के मार्क से काफी पीछे रह गईं।

### युवा गोल्फर 72 द लीग में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीटीआई के 72 द लीग का पहला एडिशन शनिवार को नई दिल्ली में बड़े धूमधाम से लॉन्च किया गया, जिसमें भारतीय गोल्फ की अगली पीढ़ी एक बिल्कुल नए फॉर्मेट की चुनौती को अपनाने के लिए उत्सुक है। उभरते हुए टैलेंट शौर्य भट्टाचार्य और कार्तिक के साथ-साथ अनुभवी हनी बैसोया, मनु गंडास, अजितेश व विराज के साथ, इस इवेंट में कई तरह के प्रोफेशनल्स एक साथ आए और 72 द लीग का पहला सीजन ऑफिशियली शुरू हुआ। लीग के आखिरी विज. ेताओं को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण आईसीसी के चेयरमैन ने पीजीटीआई के प्रेसिडेंट कपिल देव की मौजूदगी में किया। 72 द लीग ट्रॉफी को इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्टिस्ट व डिज़ाइनर विभोर ने डिज़ाइन किया है, जो अपने इनोवेटिव पब्लिक आर्ट इंस्टॉलेशन और डिज़ाइन के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते हैं।

# कार्लोस ने जीता कतर ओपन का खिताब

● **कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2 6-1 से हराकर कतर ओपन का खिताब अपने नाम किया**

**दोहा, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शनिवार को एटीपी 500 इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ़ 50 मिनट में वापसी कर रहे फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन 2026 का खिताब अपने नाम किया।

अल्काराज की कतर में यह जीत ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनने के सिर्फ़ 20 दिन बाद आई है। एटीपी टूर ने अल्काराज के हवाले से कहा कि मैं इस साल और ज्यादा की भूख लेकर आया था, जो 2025 में दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हार गए थे। मुझे लगता है कि हर टूर्नामेंट के बाद, हमें बस नए लक्ष्य तय करने होते हैं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर और कोर्ट के बाहर जो कुछ भी किया है, उससे बहुत खुश और गर्वित हूं। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत बहुत अच्छी रही। यह आसान नहीं था। मुझे अपनी टीम के साथ मेंटली मज़बूत रहना था।

मैं बस बढ़िया टेनिस खेल रहा हूं, और मैं इस हफ्ते को लेकर बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफ़ी मेरे लिए बहुत मायने रखती है। इस जीत ने अल्काराज की नौवीं एटीपी 500 ट्रॉफ़ी बनाई, जिससे वह 2009 में इस कैटेगरी की शुरुआत के बाद से चौथे सबसे ज्यादा टैली के लिए पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 एंडी मरे के बराबर आ गए। 2024 में टोक्यो में टाइटल जीतने के बाद अपने पहले



टूर-लेवल फ़ाइनल में पहुंचने के साथ, फिल्स एटीपी लाइव रैंकिग में सात पायदान ऊपर चढ़कर 33वें नंबर पर आ गए, जबकि वह अपनी वापसी जारी रखे हुए हैं। दुनिया के पूर्व नंबर 14 खिलाड़ी अब दुबई में एटीपी 500 में हिस्सा लेंगे, जहां उनका रीमैच जिरी लेहे. का से होगा, जिन्हें इस फांसीसी खिलाड़ी ने दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हराया था। दोहा में यह मुक़ाबला 2025 में अल्काराज द्वारा फ्रांसीसी खिलाड़ी पर लगातार दो क्ले कोर्ट जीत के बाद उनका पहला मुक़ाबला था, और हार्ड कोर्ट पर उनका पहला मुक़ाबला भी लगभग उसी तरह हुआ।

# अंडरडॉग जिम्बाब्वे का मैच वेस्टइंडीज की पावर हिटिंग से

● **जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है**

**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े स्टेडियम में ज़िम्बाब्वे और वेस्ट इंडीज के बीच टी 20 विश्व कप का सुपर 8 मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मैचों में से एक बन गया है, जो अंडरडॉग मोमेंटम बनाम पावर-हिटिंग के दबदबे की कहानी पर बना है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है, जिसमें उन्होंने डिसिप्लिन्ड टीम क्रिकेट और मजबूत टैक्टिकल अवेयरनेस दिखाई है। टीम की बैटिंग ने



इंडिविजुअल धमाकेदार इनिग्स के बजाय लगातार पार्टनरशिप पर ज्यादा भरोसा किया है। ब्रायन बेनेट सबसे अच्छे परफॉर्मर्स में से एक रहे हैं, जिन्होंने टॉप ऑर्डर में लगातार 120 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ अच्छी शुरुआत दी है। उनके साथ, तदिवानाशे मारुमानी ने शुरुआती मोमेंटम बनाए रखने में सपोर्टिंग रोल निभाया है। मिडिल ऑर्डर में, कैप्टन सिकंदर रज़ा टीम की बैकबोन रहे हैं, उन्होंने कीमती रन दिए हैं और अपनी ऑलराउंड काबिलियत से कंट्रोल भी दिया है। ज़िम्बाब्वे का बॉलिग अटैक भी शानदार रहा है।

# चिन्नास्वामी में आईपीएल मैच अभी तय नहीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने भले ही बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच कराने की मंजूरी दे दी हो, लेकिन यह अभी तय नहीं हुआ है। इसमें शामिल तीन पार्टियों - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच कुछ बातचीत चल रही है। केएससीए के एक बड़े अधिकारी ने इस बारे में साफ जानकारी न होने का इशारा करते हुए कहा कि आपको आरसीबी से बात करनी होगी।

केएससीए को आईपीएल मैच होस्ट करने के लिए सरकार से परमिशन मिल गई है। हालांकि, किए जाने वाले और पूरे किए जाने वाले सभी काम चल रहे हैं और तय समय के मुताबिक पूरे हो जाएंगे। हाल ही में हुबली को रणजी ट्रॉफी के लिए वेन्यू के तौर पर अनाउंस करते हुए, केएससीए ने कहा था कि अभी, एक्सपर्ट कमिटी और दूसरी कानूनी अथॉरिटीज की रिकमेंडेशन के हिंसाब से बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े पैमाने पर इंफास्ट्रक्चर और सेफ्टी बढ़ाने का काम चल रहा है। कई दर्शक गेट और एक्सेस पॉइंट को अभी तोड़ा और चौड़ा किया जा रहा है, साथ ही दूसरे जरूरी सुधार के काम भी किए जा रहे हैं। केएससीए द्वारा किए जा रहे कामों के महीने के आखिर तक पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, यह समझा जाता है कि 4 जून, 2025 की दुखद घटनाओं के बाद, फ्रेंचाइजी मैचों को होस्ट करने के लिए कंडीशनल अप्रूवल के बजाय बिना शर्त क्लीयरेंस मांग रही है। फेंचाइजी ने रायपुर में एक रेकी की है और छत्तीसगढ़ की राजधानी में शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गेम कराने का ऑप्शन देख रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी नहीं किया है, क्योंकि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतज़ार है।

# जो खेले-वो खिले : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कहा : भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में बढ़ा रहे है देश का गौरव



● **कहा : कनाड़ा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी, टीम के कप्तान का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। श्री मोदी ने आज अपने मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' में आज कहा कि मैं अक्सर कहता हूं ''जो खेले-वो खिले''। खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पक्का विश्वास है कि मैच देखते हुए कई बार आंखें किसी खास खिलाड़ी पर टिक जाती होंगी। जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनकर लगता है कि अरे, ए तो अपने देश का है। तब दिल के किसी कोने में एक हल्की सी खुशी आती है। क्योंकि वो खिलाड़ी भारतीय मूल का होता है और वो उस देश के लिए खेल रहा होता है जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं, पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर, श्रेयस मोवा जैसे कई नाम हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बड़ा रहे हैं। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम के लिए भी खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, दिल्ली के मिलिंद कुमार, ए सब अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में आज कई चेहरे हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों में खेल चुके हैं। जतिदर सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय, आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट की मजबूत कड़ी हैं। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी जगह बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं। वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। और अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

# शेफर्ड जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी कर सकते हैं : सैमी




**मुंबई, वार्ता।** रोमारियो शेफर्ड, जो पिछले एक हफ्ते से बाहर हैं, उनके पास सोमवार को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ वेस्ट इंडीज के पहले सुपर आठ गेम में खेलने का मौका है। ग्रुप स्टेज में मुंबई में भारत बनाम अमेरिका मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच का फिर से इस्तेमाल किया जाएगा।

31 साल के शेफर्ड, वेस्ट इंडीज की बैटिग लाइन-अप को बहुत पावर देते हैं, जिसका कुछ हिस्सा उन्होंने शनिवार को ट्रेनिग में दिखाया। घुटने से लेकर पिडली तक स्ट्रैपिग के साथ, वह अभी भी वानखेड़े स्टेडियम की छत के ऊपर से बॉल मार रहे थे। टीम के साथी, जो नेट्स के ठीक पीछे बैठकर देख रहे थे, जहां वह बैटिग कर रहे थे, उनके हिट के बाद उनका ज़ोरदार स्वागत किया, जिससे शेफर्ड ने शैडो बैटिग की, जो शॉट जमीन से ऊपर निकल गया - लॉन्ग-ऑन के ऊपर से एक फंट-फुट स्वैट। वेस्ट इंडीज के कोच डैरेन सैमी ने कहा कि उन्होंने कल अच्छी प्रैक्टिस की। ष्काफी अच्छी बॉलिग की, आप जानते हैं, बॉल को बहुत, बहुत क्लीन हिट किया। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हर कोई सिलेक्शन के लिए अवेलेबल है। सुपर आठ में जाना, यही तो आप चाहते हैं। इसलिए मुझे यह जानकर खुशी हुई और यह जानकर भी खुशी हुई कि मेरे सभी सैनिक जंग के लिए तैयार हैं। शेफर्ड रविवार को भी नेट्स पर सबसे पहले पहुंचने वालों में से थे, उन्होंने अपने रेगुलर रन-अप पर बिना किसी परेशानी के बॉलिग की। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले स्कॉटलैंड के खिलाफ हैट्रिक समेत पांच विकेट लिए थे, लेकिन 11 फरवरी के बाद से नहीं खेले।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट में हराया



● **भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस प्वाइंट हासिल किया**

**होबार्ट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अपना लगातार मैच जीता, भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस पॉइंट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल से पीछे होने के बाद ज़बरदस्त वापसी करते हुए इस कॉम्पिटिशन का अपना पहला पॉइंट गंवा दिया और भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ कर लिया। फिर उन्होंने हिम्मत बनाए रखी और शूटआउट जीतकर बोनस पॉइंट हासिल किया।

भारत एक दिन पहले वाली टीम से अलग लग रही थी क्योंकि उन्होंने शुरुआती क्वार्टर में वापसी की। उन्होंने बेहतर मौके बनाए और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से आगे निकल गए, अमित रोहिद. ास ने रनर्स के पास से बॉल को दूर ले जाकर बाएं कोने में ज़ोरदार शॉट मारा।

इसके बाद टीमों ने दूसरे क्वार्टर में कंट्रोल के लिए बहुत मेहनत की और भारत ने ब्रेक तक अपनी 1-0 की मामूली बढ़त बनाए रखी। तस्मानियाई फैंस को तीसरे क्वार्टर में रोमांचक रनिग हॉकी देखने को मिली, जिसमें भारत ने अभी भी बेहतर क्वालिटी की सर्कल एंट्री बनाई।

# जेसिका पेगुला ने स्वितोलिना को हराया

**दुबई, वार्ता।** जेसिका पेगुला के लगातार अच्छे प्रदर्शन का आखिरकार उन्हें इनाम मिला। लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, उन्होंने शनिवार को एलिना स्वितोलिना को 1 घंटे 12 मिनट में 6-2, 6-4 से हराकर 2026 दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती।

यह उनका 10वां डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स क्राउन था। दो दिन पहले, पेगुला ने एक सेट और एक ब्रेक से उबरकर सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराया था, और पक्का इरादा किया था कि एक और शानदार हफ्ता हाथ से नहीं जाने देंगी। इस बार, उन्होंने इसे पूरा किया। उनका 10वां टाइटल डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर उनका चौथा टाइटल है, क्योंकि वह दुबई क्राउन जीतने वाली सिर्फ़ तीसरी अमेरिकन बन गईं, इससे पहले लिडसे डेवनपोर्ट और तीन बार की चैंपियन वीनस



● **लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद जेसिका ने स्वितोलिना को 1 : 12 मिनट में 6-2, 6-4, से हराया**

विलियम्स भी दुबई क्राउन जीत चुकी हैं। ऐसा करके, उन्होंने 2023 डब्ल्यूटीए फ़ाइनल के बाद, अपने करियर में सिर्फ़ दूसरी बार एक ही इवेंट में चार टॉप 20 जीत हासिल कीं। इस हफ्ते की जीत में राउंड ऑफ़ 16 में इवा जो. विक, क्वार्टर फ़ाइनल में क्लारा टॉसन, सेमीफ़ाइनल में अनिसिमा. ेवा और आखिर में शनिवार के फ़ाइनल में स्वितोलिना पर जीत शामिल है। स्वितोलिना के साथ नौ मुकाबलों में पेगुला की यह छठी जीत थी, लेकिन टॉप 10 में रैंक वाली दोनों खिलाड़ियों के साथ यह उनकी पहली जीत थी। शुरुआती गेम से ही यह साफ़ था कि मैच पेगुला के हाथ में था। उसने पहले दो पॉइंट गंवाए लेकिन अगले 10 पॉइंट जीते, पहले गेम में स्वितोलिना की सर्विस तोड़ी और दो गेम बाद फिर से सर्विस तोड़कर 3-0 की बढ़त बना ली। स्वितोलिना ने 3-1 के ब्रेक से कुछ देर के लिए राहत महसूस की, लेकिन पेगुला ने तुरंत 4-1 से वापसी की। यह एक ज़बरदस्त बढ़त थी जो काफी हद तक उसके फोरहैंड पर बनी थी, जिसका सबूत उसके लेटेस्ट ब्रेक को बुक करने के लिए फोरहैंड विनर्स से मिला। स्वितोलिना ने एक सेट पॉइंट बचाया और 5-2 से होल्ड किया, उसके बाद पेगुला ने अगला गेम शुरू करने के लिए एक बैकहैंड विनर मिलाया और 34 मिनट में पहला सेट जीतने के लिए लव पर होल्ड किया। पेगुला ने दूसरे सेट में स्वितोलिना को मोमेंटम नहीं बनाने दिया। यूक्रेन की खिलाड़ी ने 2-1 से लव होल्ड किया, फिर पेगुला ने अपने लव होल्ड से जवाब दिया।

### रमजान मुबारक



छठा रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.28 |
| | शिया | 5.19 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.15 |
| | शिया | 6.30 |

**रोजा अपने आप में मुकम्मल है।सिर्फ भूख प्यास बर्दाश्त करने का नाम रोजा नहीं है बल्कि इसमें खास ये है कि रोजेदार अपने रब के हुक्म को पूरा करने और अपने रब को राजी करने के लिए रोजे की नीयत करता है और जब नीयत करता है तो रोजे के अरकान,आदाब भी पूरे करता है।खुश किस्मत हैं वो लोग जिन्हें रमजान उल मुबारक के जरिए अपने रब को राजी करने का आसान मौका मिला है।**

**कुरआन करीम**

# मेगा विधिक साक्षरता शिविर में लोगों की बड़ी भागेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाये गये मेगा विधिक साक्षरता शिविर में बडी संख्या में लोगों ने भागेदारी की। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर मौके पर ही लाभ उठाया।

जनमंच में आयोजित शिविर शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, नगर आयुक्त शिपू गिरि तथा अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, श्रम, शिक्षा, परिवहन, राजस्व, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, बिजली, बैंकिंग एवं अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी।



अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया सहित अन्य संस्थानों ने भी लोगों को वित्तीय योजनाओं के बारे में जागरूक किया। दिव्यांग विभाग के सहयोग से दृष्टिबाधित बालिकाओं एवं बचपन डे-केयर सेंटर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की।

उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित चयनित व्यक्तियों को भी प्रमाणपत्र वितरित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के लिए नि:शुल्क विधिक सहायता हेतु कोई आय सीमा निर्धारित नहीं है, जबकि पुरुषों के लिए तीन लाख रुपये वार्षिक आय तक के व्यक्ति इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी।

शिविर में प्रात: 9 बजे से ही लोगों का पंजीकरण प्रारंभ हो गया था और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पीएलवी एवं जिला न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सचिव के घर पर फंदे पर लटका मिला युवती का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेड का काम करने वाली युवती का शव ग्राम सचिव के घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना का पता चलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय टीना निवासी ग्राम बड़ी बेंदी थाना गागलहेड़ी महानगर के हकीकत नगर पंजाबी बाग स्थित ग्राम सचिव दम्पत्ति सोधीर कुमार व संगीता के घर में नौकरानी (मेड) का काम करती थी तथा वहीं पर रहती थी। बताया जाता है कि आज सुबह रोजमर्रा की भांति टीना सोकर उठी और अपने काम पर लग गई। घर की साफ-सफाई करने के बाद दूधिए से दूध लिया तथा कमरे में किसी काम से चली गई। बताया जाता है कि टीना काफी देर तक बाहर नहीं आई तो ग्राम सचिव संगीता ने देखा तो वह सन्न रह गई जहां टीना का फांसी के फंदे पर लटका शव देखा। शोर मचाने पर उसका पति व मौहल्ले अन्य लोग भी एकत्र हो गए तथा घटना की सूचना सूचना 112 को दी तथा 112 ने कोतवाली सदर बाजार को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची गई और शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां चिकित्सकों ने टीना को मृत घोषित कर दिया। सूचना लिने पर मृतका टीना के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतका के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी ऐसा कार्य नहीं कर सकता, जरूर उसके साथ कोई बात हुई है। परिजनों के इनकार करने पर भी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। मामले की सही जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही लग सकेगी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार व उपनिरीक्षक अभिशेक कुशवाह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर शोएब पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम माधोपुर हजरतपुर थाना गंगनहर जिला हरिद्वार उत्तराखंड को लिंक रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें हीरो स्पलेंडर बजाज डिस्कर व हीरो स्पलेंडर बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का धारा-317(2) बीएनएस के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# एंटी रोमियो टीमों ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम के उप निरीक्षक ओमपाल सिंह, महिला हेड कांस्टेबल नीतू चौधरी एवं महिला कांस्टेबल द्वारा कस्बा गागलहेड़ी बाजार, दिनारपुर तिराहा तथा भगवानपुर तिराहा देहरादून रोड पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। टीम ने बाल विवाह रोकथाम, सुमंगला योजना, विधवा पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा गुड टच-बैड टच एवं बाल मजदूरी के प्रति जागरूक किया।

इसी क्रम में थाना नानौता क्षेत्र में भी एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर ठगी, फर्जी कॉल एवं अफवाहों से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।

महिला थाना टीम द्वारा जनमंच पर जिला विधिक प्राधिकरण के कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एवं पंपलेट वितरण के माध्यम से महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान उप निरीक्षक मोनिका यादव, उप निरीक्षक अर्शिया कुरेशी एवं कांस्टेबल वर्षा मौजूद रहीं।

वहीं थाना सरसावां क्षेत्र में महिला कांस्टेबल वकीला एवं अलका कसाना की टीम द्वारा भी महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मनीष बंसल के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का शुभारंभ रविवार से नागरिक सुरक्षा कार्यालय परिसर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर सिंह एवं चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा के महत्व, आपदा प्रबंधन एवं आपातक.ालीन परिस्थितियों में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य




नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की कार्यक्षमता को बढ़ाना तथा उन्हें आपदा एवं आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को बचाव, राहत, प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस कश्मीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों को सक्षम बनाकर नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी सहायता सुनिश्चित की जा सके।

# श्री खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा 'षष्ठम फागुन के रंग श्याम के संग' कार्यक्रम का आयोजन भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में किया गया। बाबा खाटू श्याम के जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भक्ति रस का आनंद लिया और धर्म लाभ अर्जित किया।

श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित प्रगति कौशिक महाराज, पंडित योगेश दीक्षित एवं सुरेश चंद गुप्ता द्वारा विधिवत ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद बाहर से आए प्रसिद्ध भजन गायक रजनी राजस्थानी, साहिल सांवरा, अंशु म्यूजिकल ग्रुप एवं आयुष सोमानी ने एक से बढ़कर एक भजनों



की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। समिति के अध्यक्ष अनुज अरोड़ा ने बताया कि इस बार जागरण में पहली बार मां शाकम्भरी देवी का भव्य दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार विशेष रूप से कोल.काता से मंगाया गया था और इस आयोजन की तैयारियां पिछले लगभग एक वर्ष से की जा रही थी।

## घेर में बंधी बकरियों पर कुत्तों का हमला

**गंगोह।** गांव कुंडाकलां में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बीतीरात गांव कुंडा कलां निवासी अकबर पुत्र कीडू के घेर में बंधी बकरियों पर हमला बोल दिया। जिससे तीन बकरियों मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गई। कुत्तों के हमले का शिकार बनी बकरियों की कीमत लगभग चालीस हजार रुपए बताई जा रही है। जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी आवारा कुत्तों के झुंड की बच्चों और राहगीरों पर झपटकर उन्हें घायल कर चुके है। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में आवारा कुत्तों की धरपकड़ करवाये जाने की मांग की है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनएसएस शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हो गया है।

दीप प्रज्वलन उपरान्त स्वयंसे.विकाओ सिया, हिमांशी, फरीन ने सरस्वती वंदना व कीर्ति चौधरी, सिया, किट्टू सैनी ने स्वागत गीत गाया। रिया, सिया ने देशभक्ति गीत, आकांशु ने कविता व अन्य स्वयंसेवको ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम अधिकारी पूजा ने विशेष शिविर की समस्त गतिविधियों की

**■ कार्यक्रम अधिकारी ने पेश की सात दिनों के क्रिया कलापों की रिपोर्ट**

आख्या प्रस्तुत की व स्वयंसेवको को हमेशा अपनी सामाजिक जिम्मेदारियो को निर्वाह करते हुए वंचित और पिछड़ा समूहों की सेवा के लिए प्रेरित किया। ओमबीर व संयोगिता का सफल संचालन व स्वयंसेवकों अंशिका, कोमल, फरीन, अंजू, आंचल मोर्या, हिमांशी, रजत कुमार, नवीन, दिनेश, आर्यन, मुजम्मिल, दीपांशु, मोनिश तोमर,प्रियांशु, कनिष्क आदि मौजूद रहे।

# बच्ची के अपहरण का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने घर के बाहर खेल रही अपनी पांच वर्षीय बच्ची के अपहरण के प्रयास का आरोप लगाते

गांव बुड्ढाखेडा निवासी शहबाज पुत्र स्व. सईद अहमद ने अपने ही गांव निवासी एक युवती पर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त युवती पंजाब में रहती है, जो कि अपने घर आयी हुई थी। आरोप है कि उक्त युवती देर शाम लगभग सात बजे उनकी गली में आयी ओर घर के बाहर खेल रही उसकी पांच वर्षीय बेटी को अपने साथ लेकर चली गयी। कुछ देर बाद पीड़ित की पत्नी ने बाहर खेल रही बेटी को देखा तो वह बाहर नही थी। जिससे पूरे गांव में बेटी के गुम हो जाने का शोर मच गया। पीड़ित का कहना है कि उसने पडोस में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो उपरोक्त युवती उसकी बेटी को घर के सामने से ले जाती हुई दिखाई दी। गांव में बेटी के अपहरण का शोर होने पर उक्त युवती उसकी बेटी को गांव में दूसरी ओर छोडकर फरार हो गयी।

पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर उक्त युवती के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।




# बाजारों में धड़ल्ले से बिक रही एक्सपायर खजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पवित्र रमजान का महीना जहां इबादत,संयम और पाक.ीजगी का प्रतीक माना जाता है,वहीं इस दौरान बाजारों में खजूर और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में भी भारी वृद्धि देखी जाती है। मांग बढ़ने के साथ ही मिलावटखोरों की सक्रियता भी तेज होने की चर्चाएं सामने आ रही हैं। लेकिन चिंताजनक पहलू यह है कि जिन कंधों पर खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है,वही विभाग इस संवेदनशील समय में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रहा है।

ऐसी शिकायतें स्थानीय सामा.जिक हलकों में सुनने को मिल रही हैं। अंदेशा है की शहर के कुछ बाजारों में एक्सपायर हो चुकी खजूरों के डिब्बों पर नए स्टिकर व लेबल चिपकाकर उन्हें ताजा दर्शाने का खेल चल रहा है। यदि ये आरोप सही हैं तो यह सीधा-सीधा के स्वास्थ्य से



खिलवाड़ है। सवाल यह उठता है कि जब अन्य त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सघन छापेमारी अभियान चलाकर अपनी सक्रियता दर्शाता है, तो रमजान जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर वही सख्ती क्यों नजर नहीं आ रही? विभाग अक्सर हर त्योहार के मद्दे नजर अपनी सक्रियता होने और समय समय बिकने वाले खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दावे करता है,लेकिन जमीनी स्तर पर यदि एक्सपायर उत्पाद खुलेआम बिक रहे हैं, तो यह विभाग की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है। बड़ा सवाल यह है क्या विभाग की टीमें बाजारों का नियमित निरीक्षण कर रही हैं? क्या संदिग्ध गोदामों और थोक विक्रेताओं की जांच की जा रही है? या फिर कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है? ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब आम जनता जानना चाहती है। एक्सपायर खजूरों में फफूंद, बैक्टीरिया और विषैले तत्व पनप सकते हैं, जो गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। ऐसे में विभाग की निष्क्रियता यदि सिद्ध होती है तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीर उदासीनता मानी जाएगी। रोजदारों से मेरी अपील है कि खजूर खरीदते समय पैकिंग, सील,निर्माण तिथि और एक्सपायरी अवश्य जांच लें। अगर खजूरों में किसी भी प्रकार की गंध,कलर का रंग या गुणवत्ता पर संदेह हो तो तुरंत ऐसे विक्रेता के खिलाफ संबंधित अधिकारियों या थाने में शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही,जिम्मेदार विभाग से भी अपेक्षा है कि वह केवल दावों तक सीमित न रहे,बल्कि जमीनी स्तर पर पारदर्शी और कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह वास्तव में जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रमजान का संदेश ईमानदारी और पवित्रता का है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार तंत्र भी इस संदेश को कितना गंभीर लेता है।













## मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप

**चिलकाना।** ग्राम बुड्ढाखेड़ा निवासी पीड़ित युवक ने अपने पडौस निवासी विपक्षियों पर उसके घर मे घुसकर मारपीट करने, महिलाओं के साथ अभद्रता करने तथा घर मे तोड़फोड करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित इस्तखार पुत्र इसत्याक निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा ने थाना पर विपक्षियों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप है कि उसका पडौस निवासी विपक्षी युवक उसके घर के आगे खड़ा होकर गाली गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करता रहता है। शनिवार को रात्रि के समय भी उक्त युवक उसके घर के आगे खड़ा होकर गाली गलौच कर रहा था। यदि पीड़ित ने उसे वहां से जाने को कहा तो विपक्षी ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। विपक्षी के भाई व बाप भी मौके पर आ गए तथा उसके साथ लगकर मारपीट की।

# शरारती तत्वों ने तोड़े लैंप व गमले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाबा हरिदास जी मंदिर के रास्ते के सुंदरीकरण हेतु गमले व इलेक्ट्रिक लैम्प आदि लगे हुए थे। जिनसे रास्ते मे चार चांद लगे हुए थे। मगर शरारती तत्वों को वो रास नही आया। जिससे उन्होंने रात्रि में तोड़फोड़ कर दी। जिससे मंदिर कमेटी में रोष व्याप्त है।

पिछले दिनों हरिदास जी मंदिर का मार्ग पर रास्ता बदहाल था। जिससे वैष्णों धाम मंदिर कमेटी के अनुरोध पर नगर पालिका ने रास्ता ही ठीक नही किया था। बल्कि इस मार्ग पर गमले व इलेक्ट्रिक लैंप भी लगवाए थे। जिससे यह मार्ग गंगोह का सबसे सुंदर मार्ग बन गया था। सेवादार मुरारी लाल ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में किसी ने गमले व लैंप आदि तोड़ दिए। इस घटना से श्रद्धालुओं व कालोनी के लोगो मे रोष व्याप्त है। श्रद्धालु अरविंद टेबक ने बताया कि इस मार्ग पर ही बाबा हरिदास जी मंदिर, दो बड़ी धर्मशाला आदि भी। जहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती हैं। मंदिर मार्ग पर इस तरह की घटना से लोगों में रोष है। मंदिर कमेटी सीसीटीवी फुटेज चेक कर तहरीर देने की तैयारी कर रही हैं। कमेटी ने पुलिस प्रशासन से आरो.पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।






शाह टाइम्स
सम्पादकीय
सोमवार, 23 फरवरी 2026
Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नेपाल में बैठक

भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए चीन और पाकिस्तान नेपाल की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। गत सोमवार को चीन-पाकिस्तान के अधिकारियों की एक सीक्रेट बैठक नेपाल की राजधानी काठमांडू के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाके बालूवाटार में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तकरीबन पौने दो घंटे चली इस बैठक में चीन की ओर से भारत को अस्थिर करने के लिए अरुणाचल प्रदेश का जिक्र किया गया और 20 फरवरी को मनाए जाने वाले अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर माहौल खराब करने की बात की थी। इसके लिए बाकायदा चीन ने 23 नेपाली नागरिकों का चयन किया। इन 23 नेपाली लोगों में वे लोग शामिल थे, जो चीन के अलग-अलग हिस्सों में दो वर्षों के दौरान यात्रा करके आए थे। इस योजना को रूप देने का मकसद चीन और पाकिस्तान की बड़ी साजिश जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तवांग को अपना हिस्सा बताने का नेरेटिव सेट करने की साजिश थी। यह अच्छी बात है कि उनकी यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी और फ्लॉप होकर रह गई, लेकिन इससे साफ हो गया है कि भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन तो विशेष रूप से मुखर हैं ही, नेपाल भी भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करता दिखाई दे रहा है। यूं भी यह कोई पहला मौका नहीं है कि भारत को लेकर काठमांडू में भारत-चीन के अधिकारियों ने बातचीत की है। ऐसी बैठकें पूर्व में भी कई बार काठमांडू में हो चुकी हैं। इनमें कई बैठकें तो ऐसी भी हुईं, जिसमे दूतावास के कार्यक्रमों के बहाने पाक की आईएसआई से अधिकारी भी नेपाल पहुंचे हैं। 16 फरवरी को हुई मीटिंग में भी पाकिस्तान के डिफेंस अटैची समेत दूतावास के तीन प्रमुख अधिकारी भी शामिल थे। केंद्रीय खुफिया एजेंसी की मानें, तो इस पूरी योजना के पीछे चीन के चेंगदू स्थित पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के पश्चिमी थिएटर कमान के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। इस सच्चाई से तो हर कोई वाकिफ है कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर समय-समय पर चीन भारत को असहज करता रहता है। वह दुस्साहस तो यहां तक कर जाता है कि अरुणाचल प्रदेश को अपना कहने का दावा तक ठोकता रहता है। जबकि भारत की तरफ से न जाने कितनी बार यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है और दुनिया की कोई ताकत इससे उसको अलग नहीं कर सकती, लेकिन चीन है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और पाक के साथ मिलकर घिनौनी हरकतें कर रहा है। बेहद चिंता का विषय यह है कि इन दोनों के बीच नेपाल भी कहीं न कहीं भारत विरोधी रुख अपना दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद



देशभर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं, बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं, पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी, बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है, जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा।

**-मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत बेफिक्र सरकार






तनवीर जाफरी

हमारे देश की राजनीति में नेताओं की श्सत्ता लोलुपताश से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी कर्ज और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, मुफ्त रसोई गैस आदि बांट रहे हैं। कहीं बैंक कर्ज मुआफ कर दिया जाता है। यहां तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नकद धनरा. शि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को श्मुफ्त रेवड़ी श बांटने की इस कवायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिए राज्यों का भारी कर्ज में डूबना भी मंजूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है परन्तु सत्ता की इसी तरह की गैर जिम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गई ऐसी ही एक ताजातरीन तल्ख टिप्पणी गत 19 फरवरी को एक बार फिर सामने आई जो गैर जिम्मेदार सत्ताधीशों के लिए आंखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गई जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि -कई राज्य पहले से ही भारी कर्ज और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत खत्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधाएं देना गलत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है। इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप षकिस तरह का कल्चर बना रहे हैं? अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहाश। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को रोजगार सृजन पर फोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ मुफ्त चीजें बांटने पर।

यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ्री बीज कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर न्यायालय अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने श्मुफ्त की रेवड़ी श बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुकसानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय षमुफ्त रेवड़ीष कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के खिलाफ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, खासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को खतरनाक बता चुके हैं।

यही मुफ्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई थी परन्तु चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बिहार की नितीश सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2025 में कई बार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर कर दिए। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव घोषित होने के बाद भी महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाने पर काफी विवाद भी हुआ था परन्तु चुनाव पर इसका असर यह हुआ नीतीश कुमार की अगुवाई में एन डी ए ने बिहार के 2025 के विधान सभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। कई विश्लेषकों ने दावा किया कि महिला मतदाताओं के खातों में 10-10 हजार रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर करने के कारण महिलाओं की मतदान दर बढ़ी क्योंकि महिलाओं को इसका सीधे फायदा मिला परन्तु विपक्षी दलों ने इसे चुनावी रिश्वत या वोट खरीदने की कोशिश करार दिया था। कुछ सांसदों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसी रेवड़ी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें चुनाव को रद्द करने और नए चुनाव कराने की मांग की गई। और इसे संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) का उल्लंघन बताया। इसी तरह भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन योजना चलाई जा रही है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम 2013 के तहत संचालित होती है। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे स्थाई रूप से विस्तारित कर दिया गया है। सरकारी दावों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों यानी दिसम्बर 2028 तक के लिए सरकार ने लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने का फैसला किया है। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है। आलोचकों का कहना है कि इस योजना से भी जहां लोगों में मुफ्तखोरी की संस्कृति बढ़ेगी वहीं इस मुफ्त रेवड़ी का लाभ सत्ता को मिलेगा। बड़ा आश्चर्य है कि आज इस मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर अदालतें तो फिक्रमंद हैं जबकि सरकार पूरी तरह बेफिक्र है ?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल का कहर!



विनीत नारायण

पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंडर्ूज की गिरफ्तारी ने एपस्टीन फाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ए एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके कखलाफ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था। ए फाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ए विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढडों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।

आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताकत के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर 'Epstein Files' कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आंखे फटी की फटी रह जाएंगी। यह फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताकतवर लोगों पर कानूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है।

आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सजा मिल चुकी थी उससे यह बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं?

आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर धन प्रबंधक और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर 'बियर स्टर्न्स' जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहां वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था।वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमे. रिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास 'लोलिता एक्सप्रेस' नाम का प्राइवेट जेटथा। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेटद्वीप भी था जहां वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं। एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग बलात्कार दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में 'सेक्सुअल मसाज' के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100 से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर 'मसाज' के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था। उसकी पार्टनर मैक्सवेल पर आरोप था कि वो एपस्टीन को लड़कियांमुहैया कराती थी। मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया और उसे 20 साल की सजा हुई और वो अभी जेल में है। उधर 2008 में एक डील हुई जिसमें एपस्टीन ने अपना दोष स्वीकार किया और वो गिरफ्तार कर लिया गया। पर वो सिर्फ 13 महीने ही जेल में रहा। लेकिन 2019 में एपस्टीन को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सेक्स ट्रैफिकिंग केफेडरल आरोप लगे। लेकिन फिर जेल में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसने जेल में आत्महत्या कर ली। परंतु उसकी मौत संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई। क्योंकि उस पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए जेल में जो कैमरे लगे थे वो खराब हो गए थे, ऐसा बताया गया। इतना ही नहीं उस पर चौकसी से हर वक्त निगाह रखने के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड भी, बताया गया कि सो गए थे। अमरीकी प्रशासन के ए स्पष्टीकरण एपस्टीन की मौत के कारणों को संदेहास्पद बना देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घट चुकी है बर्फबारी, खिसक गए हैं ग्लैशियर



पवन सिंह

अभी भी वक्त है, चेत जाइए और हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अन्यथा न पीने को पानी मिलेगा और न खाने को अनाज। हिमालय घूमने और पिकनिक और स्प्रिचुअल टूरिज्म का प्वांइट नहीं है। हिमालय प्राकृतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील जोन है और इसके साथ पिकनिक मनाने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुंह उठाकर यमुनोत्री, गंगोत्री। तक की भेंड़ चाल पीढ़ियों को तबाह कर देगी। हिमालय का इको सिस्टम लगातार बिगड़ रहा है और इसका खामियाजा यह हो रहा है कि बर्फबारी में जबरदस्त कमी आई है। ग्लेशियर लगातार खतरनाक रफ्तार से पिघल रहे हैं। यह वह खतरा है जिसे अनदेखा किया जा रहा है और वैज्ञानिकों व पर्यावरणविदों की आवाज नक्कारखाने में तूती जैसी है। सम्पूर्ण हिमालयन रेंज में बीते कुछ सालों से बर्फबारी में लगातार गिरावट आ रही है, यह सबसे खतरनाक बात है। वर्ष, 2025-26 की सर्दियों में बर्फबारी विगत 23 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। CIMOD यानी अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के अनुसार 3 हजार से 6 हजार मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र में श्स्नो ड्रॉटश यानी कि बर्फ की कमी पैदा हो गई है।।यह संकेत अच्छे नहीं हैं। अगर ग्लैशियर नहीं रहे तो नदियां भी नहीं रहेंगी।

दुनिया की सभी बड़ी सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित हुईं और अंतत: उन्हीं नदियों के साथ सारी सभ्यताएं मोक्ष को प्राप्त हुईं। विश्व की तमाम नदियां अपने साथ जीवन और उस जीवन को जीने लायक संसाधन लाईं और जलवायु परिवर्तन व अन्य आर्थिक व सामाजिक कारणों से वही सभ्यताएं नदियों द्वारा विक. सित किए गए भू-भाग में ही जमींदोज हो गईं। एक बार फिर से हम सब उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिमालय के ग्लैशियरों के साथ स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर हमने जो भौंडापन आरंभ किया है, इसके नतीजे हमें विनाश तक ले जाएंगे। गंगोत्री-यमुनोत्री के ग्लैशियरों सहित संपूर्ण हिमालियन रेंज के ग्लैशियरों का तेजी से पिघलना व पीछे खिसकते जाना खतरनाक संकेत हैं। अगर समय रहते हमने हिमालय रेंज को प्रकति के हवाले नहीं किया तो भारत की जीवन दायिनी नदियां एक दिन हमें इतिहास बना देंगी। यह सच जितनी जल्दी समझ आ जाए उतना अच्छा है। दुनिया की अनेक मानव सभ्यताएं जैसे सिंधु घाटी सभ्यता, नील नदी घाटी सभ्यता, पीली नदी घाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया नदी घाटी सभ्यता और वैदिक सभ्यताएं। इन सबको नदियों ने जन्म दिया और फिर नदियों ने ही खत्म कर दिया। भारत में नदियों ने जैसे-सरस्वती, नर्मदा, ताप्ती, गंगा आदि ने अपने-अपने भू-भाग में मानवीय सभ्यताओं का विकास किया लेकिन भारत की अधिकांश बड़ी नदियों के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। हिमालियन रेंज अनेक ग्लैशियरों का घर है इसमें से सियाचिन ग्लेशियर पृथ्वी पर दूसरा सबसे बड़ा गैर-ध्रुवीय ग्लेशियर है। भारत के 90 प्रतिशत ग्लेशियर लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड में हैं और कुछ अरुणाचल प्रदेश में भी हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूचीबद्ध भारतीय हिमालयन क्षेत्र के 9575 ग्लेशियरों में से केवल 25 ग्लैशियरों का ही ग्राउंड डेटा उपलब्ध है। दुनिया भर में करीब 1 लाख 98 हजार ग्लेशियर हैं और इनमें से लगभग साढ़े 9 हजार केवल हमारे देश में हैं। मानवीय हस्तक्षेप और ग्लोबल वार्मिंग से भारत की दो बड़ी नदियों गंगा व यमुना का अस्तित्व खतरे में है। मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल के प्रोफेसर विश्वंभर प्रसाद सती और सुरजीत बनर्जी विगत 32 सालों पर इन ग्लैशियरों पर अध्ययन कर रहे हैं। इन दोनों ही वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालय तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यहां बर्फ की मोटी परत कमजोर हो रही है और बर्फ के टुकड़ों का विखंडन एक गंभीर चिंता का विषय हैं।

गंगोत्री, यमुनोत्री, मिलम और पिंडारी जैसे ग्लेशियर लगातार कमजोर होते जा हैं। यहां ग्लेशियर पीछे तो हट ही रहे हैं, इसके साथ ही इनकी मोटाई भी कम हो रही है। मोटी बर्फ का क्षेत्र 10,768 वर्ग किलोमीटर से घटकर अब केवल 3,258.6 वर्ग किलोमीटर रह गया, जो एक खतरनाक कमी को दर्शाता है। दुर्भाग्यवश हम ऐसे देश में हैं जहां पर्यावरण और विज्ञान पर बात करना या तो मूर्खता है या अपराध। अशिक्षित और पर्यावरण के प्रति घोर असंवेदनशील नेतृत्व ने इन दोनों ही नदियों के भविष्य को ही दांव पर लगा दिया है। यह हिमशिखर और ग्लैशियर केवल नदियों को ही जीवित नहीं रखें हुए हैं बल्कि सूर्य की अतिरिक्त गर्मी या उसकी ऊष्मा को वापस अंतरिक्ष में भेजकर सम्पूर्ण पृथ्वी और महासागरों की रक्षा भी कर रहे हैं लेकिन हमने पागलपन और जाहि. लियत की हदें पार करते हुए हिमालय के इस पूरे इलाके को स्प्रीचुवल टूरिज्म की मूर्खताओं में धकेल दिया है। इस देश की 99: जनता को पर्यावरण से वैसे भी कोई लेना देना नहीं है।। गर्मियां आ रही हैं और लोग भेड़ों की तरह मुंह उठाकर हिमालय में मोक्ष पाने और सेल्फी लेने। दर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लिखने के लिए चल पड़ेंगे, जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा के पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा गर्मियों में जब तापमान अधिक रहता है तो प्रवाह तेज रहता है और सर्दियों में तापमान घटने के साथ ही प्रवाह भी कम हो जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड CPCB की बायोलॉजिकल हेल्थ ऑफ रिवर गंगा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत तापमान में लगभग एक डिग्री तक की वृद्धि से ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ी है। अध्ययन से पता चला है कि अब हिमालई ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा वर्ष 1975 से वर्ष 2000 तक ग्लेशियरों के पिघलने की मात्रा का दोगुना है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भले ही आने वाले दशकों में दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर अंकुश लगा ले, लेकिन दुनिया के शेष ग्लेशियरों का एक तिहाई से अधिक हिस्सा वर्ष 2100 से पहले पिघल जाएगा। हिमालियन ग्लैशियर 2 हजार किलोमीटर तक फैले हैं और करीब 600 बिलियन टन बर्फ को सहेजे हुए हैं। यह सभी हिमालयन ग्लेशियर करीब 800 मिलियन लोगों के लिए सिंचाई, जलविद्युत और पीने के पानी के स्रोत हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने वाले करीब 750 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन का आधार हैं। हिमालय स्थित गंगोत्री ग्लेशियर इस क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्लेशियर है और गंगा नदी का जन्मदाता है। यह ग्लैशियर कमजोर हो रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष, 1900 के बाद से पूरे विश्व के ग्लैशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण हस्तक्षेप है। अगर यही हाल रहा तो वर्ष, 2040 की गर्मियों तक आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ देखने को नहीं मिलेगी। वैश्विक समुद्री स्तर 0.13 इंच की दर से बढ़ रहा है इसकी वजह से कम ऊंचाई पर बसे द्वीपों और तटीय शहरों के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया है। फिलहाल जो हालात हैं उसके अनुसार गंगा नदी पर आने वाले 50 सालों में विलुप्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है ओर इसका परिणाम यह होगा कि करीब 45 करोड़ से अधिक लोग मारे जाएंगे। यह चेतावनी राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण के वैज्ञानिक और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान और प्रोद्योगिकी केंद्र के संस्थापक प्रो। बीडी त्रिपाठी ने दी है। त्रिपाठी ने प्रदूषण की वजह से 50 साल में गंगा के विलुप्त होने का खतरा बताया है। अगर आप वाकई चाहते हैं कि आप के बाद की पीढ़ी भी नदियां देख पाए। प्यासी और भूखी न मरें तो हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अगर जरूरी न हो तो अपने हिस्से का हिमालय बचा लें। अपने हिस्से की प्लास्टिक बोतलें, अपना मल-मूत्र, अपने हिस्से की कार्बन से हिमालय को बचा लीजिए। लाखों लोग जाते हैं यह कह कर बेशर्म मत बनिए, आप अपने को रोकिए तो लाखों में से एक आपकी अपनी संख्या कम होगी। हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**झारखंड। नगर निगम चुनाव की पूर्व संध्या पर रांची में मतदान की तैयारियों के बीच मतपेटियां और चुनाव सामग्री ले जाते मतदानकर्मी।**

## ईरान और आईएईए के बीच परमाणु समझौते पर चर्चा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थाई परमाणु समझौते तक पहुं. चने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमे. रिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा की। आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की।

# रीमा दास को मिला क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन पुरस्कार

## भारत की मशहूर लेखिका अरुंधती, मीरा समेत कई ने किया बर्लिन फिल्म महोत्सव का विरोध

**बर्लिन।** प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म 'नॉट ए हीरो' के लिए 'बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026' में 'क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है।

असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था। चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे। रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता



■ **रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है**

है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नई परिभाषा ढूंढता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाक. ार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को 'राजनी. ति से दूर रहना चाहिए'। जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। श्रीमती रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन ह्विच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिंग के लिए वहां जाना था। समारोह का बहिष्कार करने वालों में श्रीमती रॉय के अलावा प्रमुख लोगों में फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी शामिल हैं। इन्होंने समारोह के चुनिंदा मानवाधिकार स्टैंड के विरोध में अपनी भागीदारी वापस ले ली। समारोह पर आरोप लगा कि वह 'चुनिंदा मानवाधिकार' का पालन कर रहा है।

## क्लाउनफिश की धारियां उनकी सामाजिक स्थिति को बताती है: अध्ययन

**टोक्यो।** मछलियों को लेकर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि क्लाउनफिश सामाजिक हैसियत को दिखाने, खतरों से बचने और संचार के लिए अपने रंगों के पैटर्न और आकार का उपयोग करती हैं। जापान की ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ओआईएसटी) द्वारा किए गए इस अध्ययन की मुख्य लेखिका डॉ. लॉरी मिचेल बताती हैं कि हमने पहले दिखाया है कि एनीमोनफिश (क्लाउनफिश की ही एक प्रजाति) एक-दूसरे को पहचानने के लिए धारियों को गिनती हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि क्लाउनफिश की विशेषता वाली ये सफेद ऊर्ध्वाधर धारियां संचार के लिए आवश्यक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के लिए हॉस्पिटल बोट भेजने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में 'हॉस्पिटल बोट' भेज रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइजियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। यह रवाना हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस पोस्ट के साथ हॉस्पिटल बोट की प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है, जिस पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ है।

### चीन की रेलवे ने 258 मिलियन पैसेंजर ट्रिप हैंडल किए

**बीजिंग।** चीन में इस वर्ष 40 दिनों तक चलने वाले 'वसंत महोत्सव' यात्रा में अब तक 25.8 करोड़ यात्रियों ने रेल से यात्रा की है। राष्ट्रीय रेलवे ऑपरेटर ने रविवार को बताया कि यात्रा की यह अवधि अपना आधा पड़ाव पार कर चुकी है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 2026 के वसंत महोत्सव यात्रा सीजन के 20वें दिन यानी 21 फरवरी को करीब एक करोड़ 72 लाख यात्रियों ने सफर किया। ऑपरेटर को उम्मीद है कि रविवार को भी यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा बनी रहेगी।

### लीबिया के तटीय इलाके में सात प्रवासियों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली के पूर्व स्थित तटीय शहर कसर अल-अख्यार के एक समुद्र तट पर कम से कम सात प्रवासियों की मौत हो गई है। जांच अधिकारियों के अनुसार, समुद्र की अशांत स्थिति के कारण संभावित लापता व्यक्तियों की संख्या का अभी ठीक-ठीक पता नही चला है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार इस घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट में कसर अल-अख्यार पुलिस स्टेशन के एक न्यायिक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक महिला और एक बच्चे समेत इन सात प्रवासियों के शव समुद्री लहरों के साथ बहकर तट पर आ गए थे।

### सर्बिया के वकीलों और जजों ने नए कानूनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

**बेलग्रेड।** सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय (जेटीओके) के मुख्यालय तक गया।

# पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

## सभी मृतक एक परिवार के, पाक बोला: टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था।

पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (आईएचआरएफ) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरा. ेप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमे. रिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था।

समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया एयरस्ट्राइक से कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुता. बिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। इस्लामाबाद में 6 फरवरी को हुए आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई थी। अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों में दोनों तरफ के सैनिकों और नागरिकों की मौत के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं।



■ **हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए: पाक**

### अफगान ने पाक के हवाई हमलों का जवाब देने की दी चेतावनी

**अफ़गानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के इस हमले में बीस से अधिक अफगानी नागरिक मारे गए हैं। इससे पहले आज सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय के जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और आवासीय भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप, महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक हताहत हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने अफगानिस्तान की संप्रभुता के इस खुले उल्लंघन की निंदा करते हुए इसे आपराधिक कृत्य बताया है। मंत्रालय ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अच्छे पड़ोसी के सिद्धांतों और इस्लामी मूल्यों का घोर उल्लंघन करार दिया है।

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका

■ **टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च केप**

**कैनावेरल।** नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है। इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी। नासा चीफ इसाकमैन ने कहा कि मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं।

यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे। इसाकमैन ने कहा कि विशाल. काय एसएलएस रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान को तकनीकी समस्याओं की जांच करने और आवश्यक मरम्मत करने के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में स्थित वाहन असेंबली बिल्डिंग में वापस लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पूरी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 10 दिनों तक चलने वाले बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस-2 मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के उपग्रह की परिक्रमा करने वाले थे। यह अमे. रिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, यह लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक अपने पहले मानवयुक्त मिशन को पूरा करना है। चीन का मानवरहित चांगई 7 मिशन 2026 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज के लिए लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

# पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल का नैतिक अधिकार: अमेरिकी राजदूत

**काहिरा/रियाद।** अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब ने शनिवार को इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि इज़रायल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है।

अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल-गैत ने एक बयान में कहा कि हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान उस समय भावनाओं को भड़काने और धार्मिक तथा राष्ट्रीय संवेदनाओं को उकसाने का काम करते हैं, जब देश गाजा में संघर्षविराम को लागू करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं और 'शांति की दिशा में गंभीर राजनी. तिक प्रक्रिया शुरू करने के अवसर को भुनाने' का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इन टिप्पणियों पर 'आश्चर्य' व्यक्त करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का 'खुला उल्लंघन' बताया। मंत्रालय ने अपने बयान में दोहराया कि इज़राइल का कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों या किसी अन्य अरब भूमि पर 'कोई संप्रभुता अधिकार नहीं' है और पश्चिमी तट को हड़पने या उसे गाजा पट्टी से अलग करने के किसी भी प्रयास को 'सिरे से खारिज' किया। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने भी हकाबी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान खतरनाक मिसाल कायम करते हैं और क्षेत्र के देशों तथा अमेरिका के बीच संबंधों के प्रति उपेक्षा को दर्शाते हैं।

■ **हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं: अहमद**

## इजरायल पर अमेरिकी राजदूत के बयान पर भड़के इस्लामी देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान रविवार को उन 13 अन्य देशों के साथ शामिल हो गया, जिन्होंने इजरायल में अमेरिकी राजदूत के बयान की निंदा की है। मामले में अमेरिकी राजदूत ने बाइबिल के उस विचार से सहमति जताई थी, जिसमेंइजरायल को प्रमुख अरब इलाकों पर नियंत्रण करने का अधिकार बताया गया था। अमे. रिकी राजदूत माइक हकाबी ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में यह बात कही। फॉक्स न्यूज के पूर्व एंकर टकर कार्लसन ने उनसे पूछा था कि क्या बाइबिल के अनुसार इराक की यूफ्रेट्स नदी और मिस्र की नील नदी के बीच का इलाकाइजरायल का है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया कि अगर वे (इजरायल) यह सब ले लें, तो यह ठीक रहेगा।

# ईरान ने ईयू के सदस्य देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने के 'अवैध और अनुचित' फैसले के जवाब में उठाया गया है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। यूरोपीय संघ की परिषद ने पिछले महीने विदेश मंत्रियों के बीच हुए एक राजनीतिक समझौते के बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से आईआरजीसी को आतंकी सूची में शामिल कर लिया था। इस सूची में शामिल होने के बाद यूरोपीय संघ के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में घोषित संगठन के धन, अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधनों को 'फ्रीज' करना शामिल है। यूरोपीय संघ का यह कदम हाल के दिनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां अमेरिका अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमलों की बार-बार चेतावनी दे रहा है।



■ **यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत**

# ईरान के विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किए विरोध प्रदर्शन

## छात्रों ने रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शन में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर 'तानाशाह मुर्दाबाद' के नारे लगाए। रिपोर्ट में 'यूनाइटेड स्टूडेंट्स' टेलीग्राम चैनल के हवाले से कहा गया कि मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया कि हम अपने साथियों के खून की कसम खाते हैं, हम अंत तक डटे रहेंगे। इस बीच, छात्र समाचार पत्र 'खाजे नसीर न्यूज़लेटर' के अनुसार, तेहरान स्थित खाजे नसीर विश्वविद्यालय के सैयद खंदान परिसर में रविवार सुबह सुरक्षा कड़ी कर दी गई। छात्र उन लोगों की याद में 40वें दिन का स्मरण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे थे, जो हालिया प्रदर्शनों में मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, परिसर में प्रवेश केवल एक द्वार से सीमित कर दिया गया और सुरक्षा बलों के समन्वय से कई बसीज सदस्य कैंपस में दाखिल हुए। न्यूज़लेटर ने दावा किया कि बसीज एजेंट छात्रों की पहचान करने, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक या कानूनी मामले तैयार करने और प्रस्तावित सभा को हिसा की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, नए सेमेस्टर की शुरुआत पर शनिवार को भी कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए, जिनमें से कुछ स्थानों पर उनकी झड़पें सरकार समर्थक समूहों से हुईं। ये प्रदर्शन उन लोगों की याद में होने वाले पारंपरिक 40वें दिन के शोक समारोहों के साथ हुए, जो पिछले महीने के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। बताया गया है कि ये घटनाएं 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद देश में सबसे भीषण आंतरिक अशांति में शामिल हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कथित तौर पर शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में मार्च करते छात्र ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को 'हत्यारा नेता' बताते हुए नारे लगा रहे हैं और अपदस्थ शाह के निर्वासित पुत्र रेजा पहलवी को नया शासक बनाने की मांग कर रहे हैं।



## निक जोनास 'जुमांजी-3' मे फिर से करेंगे काम

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड गायक-अभिनेता निक जोनास 'जुमांजी' के अगले भाग में फिर से काम करेंगे। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि वह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले भाग में जेफरसन 'सीप्लेन' मैकडोनो की अपनी भूमिका को फिर से अभिनीत करेंगे। फिल्म 11 दिसम्बर, 2026 को विश्व स्तर पर रिलीज होगी। निक जोनास ने सोशल मीडिया पर एक्शन-एडवेंचर सीरीज में अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि हम वापस आ रहे हैं। जुमांजी राउंड 3 में। उन्होंने पायलट अवतार में वापस आने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उनकी अभिनेत्री पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें प्रोत्साहित किया। नई फिल्म 'जुमांजी 3' का प्रोडक्शन नवम्बर 2025 में लॉस एंजिल्स में शुरू हुआ और अभी इसकी शूटिंग चल रही है। जोनास पहली बार फैंचाइजी के रिवाइवल में सीप्लेन के रूप में दिखाई दिए थे और तब से वे इसका एक अहम हिस्सा बन गए हैं। वे सह अभिनेता ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन, जैक ब्लैक, केविन हार्ट और कैरेन गिलन के साथ फिर से जुड़ेंगे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108